राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण रविवार 28 जुलाई 2024 वर्ष–7,अंक–185 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम





### कांवड़ रूट पर एटीएस तैनात, ड्रोन से निगरानी

**- 2 अगस्त तक स्कूल-कॉलेज बंद**

**मुजफ्फरनगर ।** किसानों से 10 हजार करोड़ की लूट, उन्नत बीज के नाम पर घटिया बीज, जिसमें 50 प्रतिशत हिस्सा मंत्री-अधिकारियों का- जीतू पटवारी यूपी में कांवड़ रूट पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड तैनात की गई है। लखनऊ से एटीएस कमांडो बख्तरबंद गाडियों से शनिवार दोपहर मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने कांवड़ रूट पर सिक्योरिटी व्यवस्था को जांचा-परखा। स्थानीय खुफिया विभाग भी ड्रोन कैमरे से कांवड़ रूट की निगरानी कर रहा है। मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि हरिद्वार से करीब 5 करोड़ कांवड़िए जल उठाते हैं। करीब ढाई करोड़ कांवड़िए मुजफ्फरनगर होकर जाते हैं। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी से कांवड़िए शहर के शिव चौक में परिक्रमा करके आगे बढ़ते हैं। इस बार कांवड़ यात्रा सेंसिटिव है, लिहाजा किसी भी हमले की आशंका के चलते कमांडो तैनात किए हैं। इधर, भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद में 2 अगस्त तक स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है।

### भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का देश ही नहीं विदेशों में भी जलवा

**नई दिल्ली।** करोड़ों लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने वाला भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) विदेशों में भी जलवा दिखाएगा। केंद्र की ओर से केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद को बताया कि डिजीलॉकर के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं और 675 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज उसकी मदद से जारी किए जा चुके हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि सिर्फ जून में यूपीआई से 1,388 करोड़ वित्तीय लेनदेन पूरे किए गए। बायोमैट्रिक और डेमोग्राफिक आधारित यूनिक डिजिटल आईटी आधार अब तक करीब 138 करोड़ लोगों को जारी हो चुके हैं। भारत की ओर से दुनिया के 10 देशों में इन डिजिटल सॉल्यूशंस को लागू करने के लिए एमओयू हो चुके हैं। इसमें आर्मेनिया, सिएरा लियोन, सूरीनाम, एंटीगुआ और बारबुडा, पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद और टोबैगो, तंजानिया, केन्या, क्यूबा और कोलंबिया शामिल है। मंत्री की ओर से बताया गया कि इंडिया स्टैक ग्लोबल को विकसित करने का मकसद भारत के डीपीआई सफलता को वैश्विक मंच पर ले जाना। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन 2023 में ग्लोबल डीपीआई रिपॉजिटरी (जीडीपीआईआर) पोर्टल को डिजाइन, विकसित और पेश किया गया है। आरबीआई की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में डिजिटल पेमेंट में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। आरबीआई डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स (आरबीआई-डीपीआई) मार्च 2024 में बढ़कर 445.5 रहा है, जो कि सितंबर 2023 में 418.77 था और मार्च 2023 में 395.57 था।

### चेन्नई से दिल्ली का हवाई किराया 99 हजार....सांसद और बिरला हैरान

**नागर विमानन केंद्रीय मंत्री नायडू से जांच को कहा**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बेहद सख्त अंदाज में दिखे। पहले उन्होंने एक मंत्री को संसद के कायदे समझा दिए। वहीं इसके बाद डीएमके सांसद की एक शिकायत पर उन्होंने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री को सख्त हिदायत दे डाली। दरअसल डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने विमान किराये में हो रहे झोल के बारे में बताया, तब स्पीकर ओम बिरला भी हैरान हुए। उन्होंने नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वे इसकी जांच कराएं, क्योंकि पैसा संसद से जाता है जो चिंता की बात है। वहीं बिरला के कहने पर मंत्री नायडू ने कहा कि वे शिकायत की जांच कराएंगे। दरअसल प्रश्नकाल के दौरान नागर विमानन मंत्रालय से जुड़ा पूरक प्रश्न पूछकर डीएमक सांसद मारन ने एक निजी विमानन कंपनी का जिक्र कर ज्यादा किराए का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चेन्नई से दिल्ली की एक उड़ान का टिकट बुक कराते समय किराया पहले करीब 33 हजार रुपये दिखाया गया और जब भुगतान करने का प्रयास हुआ तब दिक्कत आ गई और कुछ देर बाद विमानन कंपनी द्वारा किराया तीन गुना तक अधिक दिखाया जाने लगा। सांसद मारन ने इस संबंध में विमानन कंपनी के सॉफ्टवेयर के काम करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाया। इस पर बिरला ने कहा, मंत्री जी, सदस्य ने गंभीर विषय उठाया है। इसकी जांच होनी चाहिए। कई सदस्यों ने इसकी शिकायत की है। इसका (सांसदों के हवाई किराये का) पैसा संसद से जाता है, इसकारण हमें चिंता है। इस पर नायडू ने कहा, 'हम इसकी जांच कराएंगे।



## अगले माह स्पेस स्टेशन पर भारत का गगनयात्री रखेगा कदमः मंत्री जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

अपने अंतरिक्ष अनुसंधानों में कई उपलब्धियां हासिल कर चुका भारत अब जल्द ही अंतरिक्ष में चहलकदमी करने जा रहा है। इस आशय की जानकारी लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी है।भारत के अंतरिक्ष मिशन को लेकर उन्होंने कहा कि इसरो का गगनयात्री जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का सफर करने वाला है। लोकसभा में एक लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी अमेरिकी का अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ मिलकर मिशन लॉन्च करने वाला है। इस मिशन में भारत का एक अंतरिक्षयात्री भी जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी अगस्त में अंतरिक्षयात्री को भेजा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिन चार पायलटों को मिशन गगनयान के लिए चुना गया था उन्हें अंतरिक्ष यात्रा की ट्रेनिंग दी गई है। फिलहालल उनकी ट्रेनिंग अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण केंद्र में चल रही है। गगनयान मिशन के भी दो चरणों की तैयारी पूरी हो चुकी है। जिस रॉकेट से गगनयान को लॉन्च किया जाएगा उसका भी निर्माण कार्य चल रहा है। बता दें कि लोकसभा में टीएमसी सांसद सौगत राय ने अंतरिक्ष मिशन को लेकर सवाल पूछा था।

बता दें कि इसरो गगनयान प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहा है। इस मिशन के तहत भारत के तीन अंतरिक्षयात्रियों को स्पेस में भेजा जाएगा। अंतरिक्षयात्रियों का चयन करके उनकी ट्रेनिंग करवाई जा रही है। उम्मीद है कि 2025 में यह मिशन लॉन्च होगा। गगनयान पृथ्वी की 400 किलोमीटर की कक्षा में तीन दिन तक चक्कर लगाएगा और इसके बाद इसे सुरक्षित पृथ्वी पर उतारा जाएगा। भारत पहले भी चंद्रयान और मंगलयान मिशन के जरिए दुनियाभर को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में लोहा मनवा चुका है। वहीं गगनयान मिशन भारत उन गिने चुने देशों की पंक्ति में खड़ा कर देगा जो कि इंसान को अंतरिक्ष में भेजने में कामयाब हुए हैं। यह नासा, एक प्राइवेट कंपनी और इसरो के बीच का एक संयुक्त मिशन है।

## गुरुग्राम से पकड़ाए साइबर ठग लोगों से ठगा रुपया हांगकांग तक पहुंचाते थे

**- सीबीआई, एफबीआई और इंटरपोल एजेंसियां कर रहीं जांच**

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

सीबीआई ने साइबर ठगी के 43 आरोपियों को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को सुनवाई होनी है। विगत दिवस कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आरोपियों ने अपनी गिरफ्तारी के मामले को कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई होनी है। ये आरोपी गुरुग्राम में बैठकर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर ठगी करते थे। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-2 के तहत 43 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, आरोप है कि वे सभी गुरुग्राम में कॉल सेंटर चलाते हैं और यहीं से विदेशी नागरिकों को ठगते हैं। ऑनलाइन क्राइम करने वाला यह अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट है। सीबीआई ने इस सिंडिकेट के खिलाफ 2022 से देश में चल रहे साइबर फाइनेंशियल क्राइम नेटवर्क को पकड़ने के मकसद से ऑपरेशन चक्र शुरू किया था। सीबीआई ने 22 जुलाई 2024 में केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में कई देशों की एजेंसियां एफबीआई और इंटरपोल भी शामिल हैं। जांच पड़ताल में सीबीआई ने दिल्ली और साइबर सिटी गुरुग्राम में साल जगह छापेमारी की थी।

साइबर ठगी के इन आरोपियों के पास से 130 कंप्यूटर हार्ड डिस्क, 65 मोबाइल फोन और पांच लैपटॉप बरामद किए थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में पीड़ितों के दस्तावेज, कॉल रिकॉर्डिंग और ट्रांसक्रिप्ट बरामद की गई। जांच में ये भी पता चला है कि इस साइबर क्राइम से होने वाली आमदनी का हिस्सा कई देशों से हवाला और अन्य तरीकों से हांगकांग तक पहुंचाया जाता था। सीबीआई इन सभी पहलू पर जांच कर रही है।

## सावधान.........यूपी, राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

**अगले चार दिन यूपी, राजस्थान के लिए बहुत भारी**

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

देश के कई हिस्सों में बारिश से गंभीर हालात बन हुए हैं। कही बाढ़ और भूस्खलन के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 17 दिन के ब्रेक के बाद मानसून फिर से आगरा के रास्ते पहुंच गया है। यूपी में 30 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इधर,गुजरात के भी कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 2700 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2200 लोग नवसारी और 500 लोग तापी जिले के हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से यमुनोत्री धाम के दोनों गर्मकुंडों में मलबा भर गया है। मंदिर का ऑफिस, रसोई टूट गई है, मंदिर तक जाने वाला पैदल पुल भी बह गया है।

भारी मलबा और बोल्डर से यमुनोत्री मंदिर को भी नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को भागकर जान बचानी पड़ी।

**आगे कैसा रहेगा मौसम...**

28 जुलाई को पूर्वी राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी दी गई है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी



राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल और इंटीरियर कर्नाटक में भारी बारिश (7 सेमी तक) का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में अगले चार-पांच दिन लगातार बारिश का दौर रहेगा। राजस्थान में अब तक 185.3 एमएम औसत बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 1 फीसदी कम है।

## असम में बनेगा तीसरा रक्षा गलियारा, राजनाथ सिंह ने दिलाया भरोसाः सीएम सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य में तीसरा रक्षा गलियारा बनने जा रहा है। इस सबंध में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हे भरोसा दिलाया है। सरमा ने हाल ही में दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, हमारा लक्ष्य असम में तीसरा (रक्षा गलियारा) लाना है। सेमीकंडक्टर के साथ-साथ हम असम को विमान, हेलीकॉप्टर, मिसाइल और अन्य हथियार प्रणालियों के निर्माण के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे। असम के सीएम ने कहा कि रक्षा गलियारे की स्थापना का प्रस्ताव विचार अग्रिम चरण में है, लेकिन इसकी संवेदनशीलता के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई को लोकसभा में पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए सरमा ने कहा कि पहली बार केंद्रीय बजट में स्वीकार किया गया है कि असम की बाढ़ देश के बाहर से आने वाले पानी के कारण होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक समर्थन देने की अपनी तत्परता की घोषणा की है।सरमा ने राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की और गुवाहाटी के पास एक सैटेलाइट टाउनशिप के लिए फंडिंग, नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन का विस्तार और इसकी चौथी इकाई के चालू होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बोंगाईगांव रिफाइनरी और लेपटकाटा में ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) के विस्तार पर भी चर्चा हुई। सरमा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मंत्री से राम मंदिर के तीर्थयात्रियों के लिए गुवाहाटी से एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, असम एक लाख तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजने की योजना बना रहा है।

## संसद में बताया.....5 साल में विदेशों में करीब 633 भारतीय छात्रों की मौत

**सबसे ज्यादा मौंते 172 कनाडा में हुई**

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, पिछले पांच सालों में 41 देशों में करीब 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 172 मौतें कनाडा में हुई हैं। इसकी जानकारी सांसद कोडिकुन्निल सुरेश के एक सवाल पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने दी। विदेश मंत्री ने बताया कि कनाडा में सबसे ज्यादा 172 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 108 छात्रों ने दम तोड़ा। ब्रिटेन में 58, ऑस्ट्रेलिया में 57, रूस में 37 और जर्मनी में 24 छात्रों की मौत हुई है। हालांकि, विदेशों में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों के बारे में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय मिशन/पोस्ट के पास मौजूद आंकड़ों से हाल में विदेश गए भारतीय छात्रों के खिलाफ हिंसा में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

**हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने गंवाई जान**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विदेशों में हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने जान गंवाई है। कनाडा में सबसे ज्यादा 9 छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 6 और ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन और किर्गिस्तान में एक-एक छात्र की जान गई है। हाल ही में, दुनिया भर के देशों से फंसे भारतीय छात्रों को वंदे भारत मिशन, ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन) और ऑपरेशन अजय (इजराइल) के माध्यम से भारत लाया गया था।

**विदेश में अभी इतने भारतीय छात्रा कर रहे पढ़ाई**

विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या 2024 में 1.33 मिलियन है। पिछले तीन वर्षों में विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2022 में यह संख्या 0.75 मिलियन थी जो 2023 में बढ़कर 0.93 मिलियन हो गई और अब 1.33 मिलियन है। इस साल 1 जनवरी तक 101 देशों में हायर एजुकेशन हासिल कर रहे 13.35 लाख भारतीय छात्रों के बारे में एमईए की ओर से आंकड़ा पेश किया गया।

## बजट के बाद.........7269 रुपये तक गिरे सोने के दम

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

बजट के बाद से ही दिल्ली-एनसीआर सहित देश के सभी बड़े शहरों में सोने के रेट में गिरावट देखी जा सकती है। मोदी सरकार ने बजट में गोल्ड के इम्पोर्ट पर कस्टम ड्यूटी घटाने के ऐलान किया था। इसके बाद 6 दिन में गोल्ड के रेट में करीब 7269 रुपये तक की गिरावट आ चुकी है। हम आपको कुछ शहरों में 24 और 22 कैरेट गोल्ड का रेट बता रहे हैं। लेकिन रेट जानने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि 1 तोला सोना 10 ग्राम के बराबर होता है। दिल्ली में 22 कैरेट का 1 तोला सोना 64200 रुपये का है। यहां 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 67410 रुपये है। फरीदाबाद में आपको 22-24 कैरेट का गोल्ड दिल्ली वाले रेट पर ही मिलेगा। पटना में 22 कैरेट वाला गोल्ड 64900 रुपये का है। यहां 24 कैरेट का गोल्ड 68150 रुपये का मिल रहा है। कानपुर और लखनऊ में भी गोल्ड का रेट दिल्ली के बराबर ही है। इंदौर में 22 कैरेट गोल्ड का रेट 64100 रुपये है। यहां 24



कैरेट गोल्ड का रेट 6731 रुपये है। कैरेट किसी ज्वेलरी का वजन या सोने की शुद्धता को दर्शाने वाला यूनिट है। कैरेट से साफ होता है कि उस धातु में किसी और धातु का कितना मिश्रण है। जैसे 24 कैरेट गोल्ड को सबसे शुद्ध माना जाता है। इसमें कोई और धातु मिश्रित नहीं होती है। हालांकि, प्योर गोल्ड बहुत जल्दी टूट जाता है,इसकारण इस थोड़ा मजबूत बनाने के लिए इसमें अन्य धातु जोड़ी जाती हैं। इसलिए अधिकांश गोल्ड ज्वेलरी 22 कैरेट गोल्ड से बनाती हैं।

## नीट के रिवाइज्ड रिजल्ट से टूटे सपने, 415 छात्र फेल करार

**-नीट टापरों की संख्या 61 से घटकर 17 हुई**

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

नीट मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के अदोशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी किया गया। इस रिजल्ट के बाद 415 छात्र फेल करार दिए गए हैं। दरअसल ये छात्र नीट के मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर 162 से नीचे हो गए हैं। पहले यही छात्र पास हुए थे लेकिन रिवाइज्ड रिजल्ट में इन्हें फेल घोषित कर दिया गया है। यहां बताते चलें कि प्रश्न संख्या 19 जो कि विवादित प्रश्न था उसके 5 अंक काटे गए हैं। इसके बाद इन छात्रों के अंक कम हुए और ये नीट के मिनिमम क्वालिफाइंग मार्क्स 162 अंकों से भी पीछे रह गए। प्रश्न 19 के सही उत्तर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से करीब 4.20 लाख छात्रों के 5-5 अंक घटाए गए हैं। इससे नीट क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या जो 1316268 थी से घटकर 1315853 हो गई। यहां यह भी बतलाते चलें कि रिवाइज्ड रिजल्ट के कारण मिनिमम क्वालिफाइंग कटऑफ जो पहले 164 अंक थी वह भी घटकर 162 हुई है। इसी प्रकार ओबीसी एससी और एसटी श्रेणियों के लिए पहले 163-129 थी जो कि रिवाइज्ड रिजल्ट के बाद 161-127 हो गई है। इसी के साथ बड़ी खबर यह है कि नीट टॉपरों की जो संख्या पहले 61 थी वह घटकर 17 हो गई है। दरअसल रिवाइज्ड रिजल्ट में 44 टॉपरों के अंक 720 से घटकर 715 हो गए हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा कराए जाने वाली याचिका को खारिज करते हुए अपना फैसला सुनाया था। नीट के रिवाज्ड रिजल्ट के अनुसार नीट रैंक वन (टापरों) में मृदुल मान्य आनंद, दिल्ली। आयुष नौगरैया, उत्तर प्रदेश। माजिन मंसूर, बिहार। प्रचिता, राजस्थान। सौरव, राजस्थान। दिव्यांश, दिल्ली। गुनमय गर्ग, पंजाब। अर्घ्यदीप दत्ता, पश्चिम बंगाल। शुभान सेनगुप्ता महाराष्ट्र।



आर्यन यादव उत्तर प्रदेश। पलांशा अग्रवाल, महाराष्ट्र। रजनीश पी, तमिलनाडु। श्रीनंद शर्मिल, केरल। माने नेहा कुलदीप, महाराष्ट्र। तैजस सिंह, चंडीगढ़। देवेश जोशी, राजस्थान और इरम क़ाज़ी, राजस्थान के नाम हैं।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## ओलंपिक पर निशाना

पेरिस में ओलंपिक उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस में रेल सेवा जिस तरह से प्रभावित हुई है, वह चिंताजनक है। शायद किसी सोची-समझी कारस्तानी के तहत वहां सामान्य परिवहन को बाधित करने की साजिश की गई है। फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एसएनसीएफ के मुताबिक, उसके हाई स्पीड नेटवर्क को पंगु बनाने के इरादे से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। शुरुआती खबरों से पता चलता है कि कुछ जगहों पर उपद्रवियों ने आगजनी की है, जिससे रेलवे को नुकसान हुआ है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि प्रभावित रेल सेवा कंपनी ने यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया है। मरम्मती का कार्य चल रहा है, पर वहां परिवहन के सामान्य होने में कम से कम दो दिन का समय लग जाएगा। रेलवे कंपनी शुरुआती रूप से यही मान रही है कि आग जान-बूझकर लगाई गई है। अब खुफिया सेवाओं व कानून लागू करने वाली तमाम एजेंसियों को लामबंद कर दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के ठीक पहले ऐसा होना, वाकई, सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ा विषय होना चाहिए। यह दुनिया की दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी कान खोले रखने का समय है। फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में रेल लाइनें ज्यादा प्रभावित हुई हैं, तो इसका क्या संकेत है? पड़ोसी देश बेल्जियम और इंग्लिश चैनल के तहत लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि, उपद्रवियों की साजिश से ऐसा लगता है कि उनका निशाना पेरिस को रेल नेटवर्क से काटना था। ध्यान रहे, फ्रांस ने ओलंपिक के सुरक्षित आयोजन के लिए मजबूत पहरा बिठा रखा है। 45,000 से भी अधिक पुलिस, 10,000 सैनिक और 2,000 निजी सुरक्षा एजेंट तैनात हैं। स्नाइपर छतों पर हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद अगर रेल सेवा को बाधित करने की साजिश कामयाब हो गई है, तो यह पहली नजर में सुरक्षा या खुफिया चूक है। अब हमले के बाद सुरक्षा को और चाक-चौबंद कर दिया गया है, लेकिन सबसे जरूरी है, ऐसी कायरतापूर्ण साजिश करने वालों का पता लगाना। फ्रांस के अनेक नेता इसे ओलंपिक ही नहीं, बल्कि फ्रांस पर हमला मान रहे हैं, मगर वास्तव में यह फ्रांस पर ही नहीं, बल्कि खेलों की दुनिया और अमन-चैन के सकारात्मक प्रयासों पर हमला है। जब दुनिया में जगह-जगह युद्ध लड़े जा रहे हैं, अनेक जगहों पर आतंकवाद और उपद्रव की स्थिति है, तब भी ओलंपिक दुनिया को जोड़ रहा है। दुनिया के 206 से ज्यादा देशों के 10,714 से ज्यादा खिलाड़ी इस ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। 32 खेलों में 329 आयोजन होंगे, पर इतने बड़े आयोजन को भी जो लोग निशाना बना रहे हैं, वे बेशक मानवता विरोधी हैं। अराजक तत्वों के प्रति तमाम देशों को सतर्क हो जाना चाहिए। ऐसे घटिया तत्व या समूह पहले लोकतंत्र की दुहाई देकर अपनी जगह बनाते हैं और उसके बाद अपनी मनमानी पर उतर आते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ दुनिया को समान रूप से ईमानदार होना पड़ेगा। दुनिया के हर रंग, हर नस्ल को गले लगाने वाला कला और साहित्य से सराबोर शहर पेरिस आज संसार के करीब दो अरब लोगों की निगाह में है। उसके आस-पास के 16 शहर सद्भाव और उल्लास से विभोर हो रहे हैं। लोकतांत्रिक और विकसित फ्रांस की अच्छी छवि निस्संदेह दुनिया को ज्यादा उदार और समझदार बनाने में मददगार होगी, लेकिन जिन अराजक तत्वों ने उसकी चमक पर दाग लगाने की साजिश रची है, उन्हें कतई बख्शा न जाए।

## ये सावन जब जब आता है।

ये सावन जब जब आता हैं।
कितना कुछ कर जाता है ।
ओढ़ लेती धरती, हरियाली की चुनरिया,
स्वर्ग उतर जमीं पर आता है।
ये सावन जब जब आता है।
बारिश की ये रिमझिम-रिमझिम, आशा नई जगाती है।
उम्मीदों के पंख लगाकर, सपने नए सजाती है।
अपनी इस चंचलता से, सभी को रिझाता है।
ये सावन जब जब आता है।
आम की अमराईयों पर, कोयल गीत सुनाती है,
उन्नति हो,प्रगति पथ पर,शान्ति का पैगाम दे जाती है।
सुख दुख्ख तो जीवन के पूरक, खुशी कभी तो गम आता है।
ये सावन जब जब आता है।
बगिया में मोर -पपीहा बोले, पेड़ो की झुरमुट, चिड़िया बोले,
आसमां भी देखो झूम रहा, सब के दिलो को मोह रहा,
मौसम भी तो आते जाते, फिर इंसा तु क्यों घबराता है।
ये सावन जब -जब आता,है।
मानवता का पाठ पढ़ाने, जात-पात का भेद मिटाने,
सपने सभी के नए सजाने, आशा का संचार जगाने,,,,
ये सावन आता है।
ये सावन जब जब आता है।
कितना कुछ कर जाता है।

*एकता शर्मा, कोटा। राजस्थान



# अमेरिकी सीक्रेट सर्विस चूक के राजनीतिक निहितार्थ

पुष्परंजन



भारत में इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी का स्टाफ लगभग 25 हज़ार है। उससे तीन गुना कम अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का स्टाफ है। मात्र 8 हज़ार। यूएस गवर्नमेंट एग्जीक्यूटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार, '2021 में अमेरिकन सीक्रेट सर्विस में लगभग 7,600 कर्मियों की तैनाती थी, जून, 2024 तक 400 स्टाफ और जुड़े। वित्तीय वर्ष 2026 तक इस संख्या को लगभग 10,000 कर्मचारियों तक बढ़ाने की योजना है।' क्या स्टाफ की कम संख्या की वजह से वीवीआईपी सुरक्षा लचर रही, या फिर ये हैं ही वैसे? पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हमले के बाद से यह सवाल, अमेरिकी सोशल मीडिया पर ज़ेरे बहस रहा है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के कर्मचारियों की संख्या बढ़ा भर देने से हमले रोके जा सकते हैं थे, तो महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या नहीं हुई होती। वर्ष 1967 की भुवनेश्वर चुनावी रैली को याद कीजिये, जब पत्थरबाज़ी में इंदिरा गांधी की नाक पर गंभीर चोट लगी। सूचना तंत्र मज़बूत होता, तो दो अक्तूबर, 1986 को राजघाट पर करमवीर सिंह नामक शख्स तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर गोली नहीं चला पाता। वहीं 5 जनवरी, 2022 को फ़िरोज़पुर दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफ़िले में सुरक्षा चूक नहीं हुई होती। लेकिन सवाल है कि जब अमेरिका महफ़ूज़ नहीं है, तो दुनिया का कौन-सा हिस्सा सुरक्षित है? यह सवाल विक्रम-बेताल की तरह हमारे कंधों पर टंगा रहेगा। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल का इस्तीफा दिया जाना, उन अटकलों को मज़बूत करता गया, जो इनकी क्षमता से लेकर 'कॉन्सपिरेसी थ्योरी' तक केंद्रित थी। ट्रंप पर गोली दागने वाली घटना के प्रकारांतर अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल सोमवार को कांग्रेस की एक समिति के सामने पेश हुईं, तो न तो जनता, और न ही कांग्रेस को इस बारे में ज़्यादा जानकारी मिली। चीटल ने स्वीकार किया कि ट्रम्प की रैली में हुई शूटिंग से हमारे एजेंट बेख़बर थे। अमेरिकी खुफ़िया प्रमुख और आंतरिक मंत्रालय की चुप्पी ने भारत समेत दुनियाभर में अटकलों का बाज़ार गर्म किया था। भारतीय सोशल मीडिया के तुर्रम ख़ान, ख़म ठोक कर कहने लगे कि हो न हो, यह सारा कुछ ट्रंप का किया धरा है, जिससे चुनावी तस्वीर उनके पक्ष में बदल जाये। रिपब्लिकन इस पर अड़े हुए थे, कि दो साल की अवधि में सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने ट्रम्प के सार्वजनिक कार्यक्रमों में अधिक एजेंटों और मैग्नेटोमीटर के लिए बार-बार अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया, बाहरी स्थानों के लिए अतिरिक्त स्नाइपर्स देने से भी मना किया था। मंगलवार को सीक्रेट प्रमुख पद से इस्तीफा देने से पहले चीटल ने कांग्रेस से कहा, 'जिस दिन यह काण्ड हुआ, जितना अनुरोध ट्रंप की तरफ से किया गया था, उन्हें दिया गया।' सोशल मीडिया इस घटना को लेकर दो खेमों में बंटा हुआ था। जो लोग पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा मानते थे, उन्होंने इसे एक फर्जी घटना बताकर खारिज कर दिया। एक्स और टेलीग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म, 'प्री-प्लांड' और 'मंचित किये जाने' वाले आरोपों के पोस्ट से भर गए। एलन मस्क तक ने एक्स पर सवाल कर दिया, 'एक स्नाइपर को पूरी राइफल किट के साथ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के सबसे नज़दीकी छत पर रेंगने की अनुमति कैसे दी गई?' अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की जो धाक समय-समय पर दुनियाभर में ज़माने की कोशिशें होती रही, ट्रंप कनपट्टी काण्ड से धराशायी हुई है। अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ 1 कैनेडी की 22 नवंबर, 1963 को टेक्सास के डलास में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके हत्यारे का नाम था, ली हार्वे ओसवाल्ड, जो एक पूर्व अमेरिकी मरीन था। जेम्स अर्ल रे एक अनजान सा अमेरिकी भगोड़ा था, जिसने 4 अप्रैल, 1968 को मार्टिन लूथर किंग 'जूनियर' की हत्या कर दी थी। कैनेडी और किंग की हत्याओं के बाद कई लोगों को यह स्वीकार करने में कठिनाई हुई कि एक अकेला, परेशान, महत्वहीन व्यक्ति इतिहास बदल सकता है। अधिकांश लोग सीक्रेट सर्विस को एक ऐसा संगठन मानते हैं, जो राष्ट्रपति और हाई प्रोफ़ाइल शख्सियतों की सुरक्षा करता है। 1865 में जब इसकी स्थापना हुई थी, तब सीक्रेट सर्विस यूएस ट्रेजरी विभाग का हिस्सा थी। इसका काम धोखाधड़ी और नकली मुद्रा का पता लगाना था। 20 साल बाद सीक्रेट सर्विस ने तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड को अनौपचारिक सुरक्षा प्रदान करना शुरू किया। 6 सितम्बर, 1901 को राष्ट्रपति विलियम मैककिनले की हत्या के बाद, सीक्रेट सर्विस ने राष्ट्रपतियों की सुरक्षा को अपने आधिकारिक कर्तव्यों में शामिल कर लिया। सीक्रेट सर्विस अभी भी वित्तीय अपराधों, धोखाधड़ी की जांच करती है, और हाई प्रोफ़ाइल शख्सियतों को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करती है।

वर्ष 2003 में सीक्रेट सर्विस को होमलैंड सुरक्षा विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। लेकिन, पिछले एक दशक में कुछ ऐसी घटनायें हुईं, जिससे सीक्रेट सर्विस विवादों में घिरी रही है। वर्ष 2011 में सेमी-ऑटोमैटिक राइफल से लैस एक बंदूकधारी ने व्हाइट हाउस पर कई गोलियां चलाईं। वर्ष 2014 में चाकू के साथ एक घुसपैठिया व्हाइट हाउस की बाड़ फांदकर सामने के दरवाजे से अंदर चला गया था। 2015 में कथित तौर पर नशे में धुत एजेंटों ने व्हाइट हाउस में एक कार को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया था। जो ट्रंप आज सीक्रेट एजेंसी के राजनीतिकरण का आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने अपने समय में उसका दुरुपयोग भी किया था। 6 जनवरी 2021 को 'कैपिटल हिल विद्रोह' के समय ख़ुफ़िया एजेंटों ने ट्रंप के कहने पर टेक्स्ट मैसेजेज को हटा दिया था। मगर, सवाल यह कि सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर पद से किम्बर्ली चीटल के इस्तीफे के बाद से यह क्या चुनावी मुद्दा नहीं बनेगा? डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस के राजनीतिक स्वास्थ्य के लिए यह सवाल कितना हानिकारक साबित होता है, उसका पता कुछ दिनों बाद ही चल पायेगा। फ़िलहाल, रोनाल्ड रोव, यूएस सीक्रेट सर्विस के कार्यकारी डायरेक्टर बनाये गए हैं। दो राजनीतिक दलों का एक पैनल इस पूरे कांड की जांच करेगा। पैनल में सात रिपब्लिकन, और छह डेमोक्रेट बैठेंगे। यह ठीक 11 सितंबर मॉडल का आयोग होगा, जिसमें व्यापक सम्मन शक्ति होगी। 27 नवंबर, 2002 को 9/11 आयोग की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य विश्व इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमलों के सभी पहलुओं की जांच करना था। 9/11 आयोग की अध्यक्षता थॉमस कीन ने की थी, जिसमें पांच डेमोक्रेट और पांच रिपब्लिकन शामिल थे। 22 जुलाई, 2004 को 9/11 आयोग की रिपोर्ट जब आई, अमेरिकी जनता ने उसे निर्विवाद रूप से स्वीकार किया था। लेकिन, ट्रंप काण्ड पर जो आयोग बना है, उसके राजनीतिक निहितार्थ सीधा अमेरिकी मतदाताओं को प्रभावित करेंगे। क्या वह सर्वस्वीकृत होगा? इस पर शक़ ही है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# सरकार की उपलब्धि : हाल से मंडप तक

( लेखक - राकेश अचल )

7 तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को लगातार परेशान कर रहे विपक्ष को सरकार के बजट पर न सही लेकिन राष्ट्रपति भवन के दो पुराने सभागारों के नाम बदलने के लिए संसद में एक राय होकर बधाई देना चाहिए । राष्ट्रपति भवन का दरबार हाल अब गणतंत्र मंडप और अशोका हाल अब अशोक मंडप कहलायेगा। सरकार के इस फैसले से गणतंत्र भी खुश और चक्रवर्ती सम्राट अशोक भी खुश हो गए होंगे,इसलिए विपक्ष को भी खुश होना चाहिए।

देश और दुनिया लगातार देख रही है कि विपक्ष देश की अठारहवीं संसद में सरकार को चैन की सांस नहीं लेने दे रहा है। बेचारे संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजजू से लेकर लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला ही नहीं बल्कि राज्य सभा के सभापति माननीय जयदीप धनकड़ भी परेशान हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा कि वे विपक्ष को कौन सी मुगलई घुट्टी 555 लेकर पिलायें जिससे विपक्ष खुश नजर आये और सवाल पूछना छोड़कर देश के सीतारामी बजट पर चर्चा करे। आखिर देश की जनता सांसदों को सवाल करने और बहस-मुबाहिसे के लिए ही तो भेजती है। सांसदों को मेजें थपथपाने के लिए तो नहीं चुना जाता।

हमारी सरकार के खाते में तमाम नाकामियों के बावजूद तमाम उपलब्धियां भी हैं। आप बढ़ती हुई बेरोजगारी, मंहगाई और भ्रष्टाचार के साथ राजनीति के समानांतर बजट में भी अदावत के इस्तेमाल को यदि सरकार की उपलब्धि नहीं मानते तो ये आपकी तंगदिली है। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में जो किया वो पिछली सरकारें साठ साल में नहीं कर पायीं। भले ही पिछली सरकारें कांग्रेस की हों या भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधनों की। सरकार ने देश का परिदृश्य बदला हो या न बदला हो लेकिन कानूनों ,शहरों,स्टेशनों ,सड़कों,संस्थानों ,पाठ्यक्रमों और इमारतों के ही नहीं बल्कि अब तो राष्ट्रपति भवन के कक्षों के नाम तक बदलकर दिखा दिए। ये कोई छोटी -मोटी उपलब्धि है ? सरकार लगातार देश को उसकी खोई हुई,छीनी हुई संस्कृति और वैभव वापस कर रही है।

देश की तकदीर बदलने में अरबों-खरबों मुद्रा की जरूरत पड़ती है । इसके लिए विदेशों से ,विदेशी बैंकों से कर्ज लेना पड़ता है। इस वजह से विकास पर कम ब्याज पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। लेकिन नाम बदलने पर फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं होती और काम हो जाता है। अलाहबाद प्रयाग हो जाता है ,फैजाबाद अयोध्या हो जाती है ,हबीबगंज रानी कमलापति रेलवे स्टेशन हो जाता है ,मुगलसराय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन हो जाता है। आप का पता नहीं लेकिन मै तो अपनी सरकार की इन उपलब्धियों पर लट्टू हूँ। मुझे भी सरकार की तरह विपक्ष की बालक बुद्धि पर तरस आता है कि वो कहाँ नीट और किसानों के मुद्दे पर बहस करने की मांग करती है। उसे किसानों से क्या लेना ? नीट से क्या लेना ? अरे जब देश की सबसे बड़ी अदालतें तक नीट के मामले में सरकार के साथ हैं,किसानों को दिल्ली में प्रवेश न करने देने के मामले में सरकार के साथ हैं ,तो विपक्ष को साथ देने में क्या ऐतराज है ? देश ये राज जानना चाहता है। क्या सरकार को परेशान करने के पीछे कोई विदेशी हाथ तो नहीं ? क्योंकि जिन देशी हाथों को सरकार के लिए परेशानी खड़ी करना चाहिए थी वे तो बैशाखी बनकर उसकी मदद कर रहे हैं। साम्प्रदायिकता के मुखर विरोधी जेडीयू और टीडीपी की भूमिका बदली हुई है।

देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी के नेतृत्व में भाजपा,जेडीयू और टीडीपी की सरकार बने कोई दो महीना होने को है। इन दो महीने में प्रधानमंत्री जी कम से कम तीन विदेश यात्राएं कर आये। उनकी सरकार ने देश के लिए सातवीं मर्तबा सीतारामी बजट संसद में पेश कर दिया। प्रधान जी ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस के कहने के बावजूद मणिपुर को लेकर अपना नजरिया नहीं बदला । अहंकार नहीं त्यागा। बदले में संघ की इमदाद के लिए केंद्रीय कर्मचारियों को संघ की शाखाओं में जाने पर लगी 58 साल पुरानी रोक जरूर लगा दी अब आप ही बताइये की 48 दिन पुरानी सरकार देश के लिए ,देश की जनता के लिए और क्या कर सकती है ? जो काम आपातकाल के बाद बनी सरकार नहीं कर पायी ,महामना अटल बिहारी बाजपेयी तीन बार प्रधानमंत्री बनकर नहीं कर पाए ,वो काम माननीय मोदी जी ने करके दिखा दिया। देश के अड़ियल विपक्ष को देश की जनता देख रही हो या न देख रही हो किन्तु ऊपर वाला जरूर देख रहा है । एक धर्मभीरु सरकार को इस तरह परेशान करना बिलकुल अच्छी बात नहीं है । सरकार ने अपने नए बजट में जनता के लिए ही नहीं ऊपर वालों के लिए भी पर्याप्त बजट प्रावधान किये है। देश में स्कूलों ,अस्पतालों ,सड़कों ,पुलों की कमी भले बनी रहे किन्तु तीन नए धार्मिक कॉरिडोर जरूर बनाये जाने के लिए बजट प्रावधान किया गया है। सरकार इस बार अयोध्या हारी ,बद्रीनाथ हारी लेकिन उसने भगवान के बजट में कोई कटौती नहीं की । विपक्ष को भी ऐसी ही दरियादिली का मुजाहिरा करना चाहिए। विपक्ष को कम से कम इतना तो ध्यान रखना चाहिए कि सास को भी काम करने के लिए सौ [100 ] दिन दिए जाते हैं ,फिर सरकार के तो अभी 48 दिन ही हुए हैं। विपक्ष चाहे तो सौ दिन बाद तीन राज्यों की तीन विधानसभाओं के समय सरकार से दो-दो हाथ कर ले । अभी तो बजट पर बहस करे। आखिर विपक्ष देश की सियासत में नफरत का मुकाबला मोहब्बत से करना चाहता है। जनता को तो विपक्ष के प्यार बांटते चलो अभियान से राहत मिल चुकी है। अब बारी सरकार की है। विपक्ष अब संसद में तकरार से नहीं बल्कि मोहब्बत से काम ले। मुमकिन है कि सरकार भी थोड़ी रहमदिली दिखाए ,अन्यथा देश की संसद को थोक में सांसदों के निलंबन का तजुर्बा है ही।

विचार मंथन

# सभी राज्यों से उभरे भाजपा नेताओं के बगावती स्वर

(लेखक- सनत जैन)

2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद, भारतीय जनता पार्टी के सभी राज्यों से असंतोष और बगावत के स्वर सुनने को मिलने लगे हैं, लोकसभा के चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 303 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। 2024 में भाजपा ने 370 पार का नारा लगाया था। लेकिन जब परिणाम आया, तो भारतीय जनता पार्टी 240 में सिमट कर रह गई। उसके बाद से ही देश के विभिन्न राज्यों से भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के विरोध में असंतोष और बगावत के स्वर उभरने लगे। किसी तरह से एनडीए गठबंधन की सरकार केंद्र में बन गई है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने अपने सभी विश्वस्त सहयोगियों को वही पद दिए जो उनके पास पूर्व में थे। इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कामकाज को लेकर सभी राज्यों में भाजपा नेताओं के असंतोष और बगावती स्वर दिनों दिन मुखर होते जा रहे हैं। रही-सही कसर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयानो से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को चुनौती मिलने लगी है। भाजपा नेताओं के हौसले इतने बढ़ गए हैं, वह प्रधानमंत्री की नीति के खिलाफ ही खुलकर बोलने लगे है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने सबका-साथ सबका-विकास, नारे के स्थान पर खुद का नया नारा बुलंद कर दिया। जिसमें कहा गया जो हमारे-साथ, हम उसके-साथ, यह कहकर उन्होंने एक तरह से नरेंद्र मोदी का कद कम करने की कोशिश की है। पश्चिम बंगाल में पसमांदा मुसलमानों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जो हाथ बढ़ाया था। उसकी कोई सफलता प. बंगाल में नहीं मिलने से, मुसलमानों को लेकर जो रणनीति भाजपा ने बनाई थी। उसका भी बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नेताओं के बीच असंतोष का स्वर बड़ा मुखर हो गया है। राज्य कार्य समिति की बैठक में योगी आदित्यनाथ का यह कहना कि अति आत्मविश्वास के कारण भाजपा का पतन हुआ है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने खुलेआम योगी के खिलाफ कार्य समिति और उसके बाद मोर्चा खोले हुए हैं। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार धूमल ने भी केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ खुलकर अपनी आवाज मुखर की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार के बीच खटपट की खबरें लगातार बाहर आ रही हैं। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा को भी पार्टी के अंदर से असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा विधायकों द्वारा उन्हें सीधी चुनौती दी जा रही है। भाजपा शासित राज्यों से भी संगठन में बैठे नेताओं द्वारा जिस तरह से असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। उससे ऐसा लगता है, 2012-13 में जो कांग्रेस की स्थिति थी। वही स्थिति अब भारतीय जनता पार्टी में भी 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद बनने लगी हैं। केंद्रीय बजट ने आग में घी डालने का काम किया है। केंद्र की सरकार को बचाए रखने के लिए बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिए गए हैं। इसमें भाजपा शासित राज्यों की उपेक्षा किए जाने से डबल इंजिन की राज्यों में भाजपा के खिलाफ नाराजी का माहौल बन गया है। जिस तरह से सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच में आपसी खटपट बढती चली जा रही है। उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है, 2013 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भाजपा संगठन और सरकार में जो प्रभाव था। दोनों ही नेताओं




को सभी राज्यों से चुनौती मिलना शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन भी कहीं देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा हर दिन कमजोर होती नजर आ रही है। इस स्थिति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी संगठन की चिंताएं स्वाभाविक रूप से बढ़ गई हैं। पिछले एक हफ्ते से उत्तर प्रदेश का मामला जिस तरह से राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ है। उससे भारतीय जनता पार्टी की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नुकसान हो रहा है।



## इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन की योजना सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक परिवहन प्रोत्साहन योजना (ईएमपीएस) को दो महीने के लिए बढ़ाकर के साथ कुल परिव्यय को भी बढ़ाकर 778 करोड़ रुपये कर दिया। इस योजना को इस साल मार्च में भारी उद्योग मंत्रालय ने शुरू किया था। इसका उद्देश्य पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को बढ़ावा देना है। ईएमपीएस योजना मूल रूप से एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक चलने वाली थी, जिसका कुल परिव्यय 500 करोड़ रुपये था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक इस योजना को दो महीने 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा योजना का परिव्यय भी बढ़ाकर 778 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य सरकार की हरित पहलों को आगे बढ़ाना और देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण परिवेश के विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत पात्र ईवी श्रेणियों में पंजीकृत ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट सहित इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन शामिल हैं। आम लोगों के लिए किफायती और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन विकल्प मुहैया कराने पर जोर देने के साथ यह योजना मुख्य रूप से उन ई-दोपहिया और ई-तिपहिया पर लागू होगी जो वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए पंजीकृत हैं। इसके अलावा निजी या कॉरपोरेट स्वामित्व वाले पंजीकृत ई-दोपहिया भी योजना के तहत पात्र होंगे।

## बीएचईएल को 10 हजार करोड़ की तापीय बिजली परियोजना मिली

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएचईएल को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से 10 हजार करोड़ रुपये की तापीय बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 800-800 मेगावाट की दो इकाइयां कोडरमा ताप बिजलीघर के दूसरे चरण की परियोजना के तहत झारखंड में स्थापित की जाएगी। परियोजना को 52 महीनों में पूरा किया जाना है और यह ऑर्डर 10 हजार करोड़ रुपये का है। इस कार्य में बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर और संबंधित सहायक उपकरणों की आपूर्ति शामिल है। इसके अलावा भेल सिविल कार्य के अलावा परियोजना को चालू करेगी।

## एप्पल ने आईफोन की कीमत 6,000 तक घटाई



**नई दिल्ली ।** बजट में मोबाइल फोन पर आयात शुल्क में कमी की घोषणा के बाद एप्पल ने भारत में आईफोन की कीमतें 6,000 रुपये तक घटा दी हैं। एप्पल की तरफ से जारी नई कीमत सूची के मुताबिक आयातित आईफोन प्रो मॉडलों की कीमत में 5,100-6,000 रुपये की कटौती कर दी गई है। एप्पल पहले आईफोन 15 प्रो को 1,34,900 रुपये और आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल को 1,59,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर बेच रही थी। भारतीय ग्राहकों के लिए 128 जीबी स्टोरेज वाले आईफोन प्रो मॉडल की कीमत 3.7 प्रतिशत की कटौती के बाद 1,29,800 रुपये होगी। इसी के साथ 256 जीबी स्टोरेज वाले आईफोन प्रो मैक्स की कीमत 1,59,900 रुपये से घटकर 1,54,000 रुपये हो गई है। इसके साथ एप्पल ने आईफोन के भारत में विनिर्मित 13, 14 और 15 श्रृंखला वाले आईफोन की कीमतों में भी 300 रुपये की कमी की है जबकि आईफोन एसई मॉडल 2,300 रुपये सस्ता हो गया है। आईफोन मॉडलों की कीमतों में यह बदलाव मोबाइल फोन और चार्जर पर आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने के बजट प्रस्ताव के बाद हुआ है।

# भगोड़ा माल्या तीन साल तक भारतीय बाजारों में नहीं कर सकेगा प्रवेश



**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या पर तीन साल तक भारतीय बाजारों में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई 2006 से 2008 के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के रास्ते से भारतीय प्रतिभूतियों में पैसा लगाने के लिए की गई है। पूर्व शराब कारोबारी को तीन साल तक किसी भी लिस्टेड कंपनी से जुड़ने पर भी रोक लगा दी गई है। सेबी ने माल्या की सभी सिक्योरिटी होल्डिंग्स को फ्रीज करने का आदेश दिया है, जिसमें म्यूचुअल फंड यूनिट्स भी शामिल हैं। माल्या ने मैटरहॉर्न वेंचर्स नाम की एक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) कंपनी के जरिए अपने ही समूह की भारतीय कंपनियों के शेयरों में अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार किया। इस तरह से उन्होंने प्रतिभूति बाजार में अपने निवेश की असली पहचान को छिपाया। सेबी ने कहा कि माल्या ने अपनी पहचान छिपाकर मैटरहॉर्न वेंचर्स नाम की एफपीआई कंपनी के जरिए निवेश किया, जो भारतीय कंपनियों के शेयरधारकों के हित के खिलाफ था। सेबी के आदेश के अनुसार इस एफपीआई कंपनी का इस्तेमाल हरबर्टसन्स और यूनाइटेड स्पिरिट्स (यूएसएल) जैसी शराब कंपनियों के शेयरों में लेन-देन के लिए किया गया। सेबी ने पाया कि मैटरहॉर्न वेंचर्स के पास हरबर्टसन्स के 9.98 प्रतिशत शेयर थे, जो वास्तव में प्रमोटर श्रेणी के थे और पूरी तरह से माल्या द्वारा फंडेड थे।

## सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली ।** फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारत का चुनाव बाद का बजट इस बात की पुष्टि करता है कि सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। गठबंधन में शामिल दलों की मांग के बावजूद नई सरकार राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर टिकी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए केंद्र के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत कर दिया है। फरवरी के अंतरिम बजट में लक्ष्य 5.1 प्रतिशत तय किया गया था। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा लक्ष्य, रेटिंग एजेंसी के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है। रेटिंग एजेंसी ने जनवरी 2024 में भारत की बीबीबी- रेटिंग की पुष्टि करते समय राजकोषीय घाटे के सकल घरेलू उत्पाद का 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने के अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेगी।

## जोमेटो सोशल मीडिया पर शुरू करेगा ब्रांड पैक्स




**नई दिल्ली।** जोमेटो के फाउंडर दीपेंदर गोयल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर ब्रांड पैक्स शुरू करने की बात कही। गोयल ने अपनी पोस्ट में कहा कि मैं अक्सर अपने पसंदीदा रेस्तरां से दोबारा ऑर्डर करता हूं और हमारे बहुत से ग्राहक भी ऐसा ही करते हैं। इसे आपके लिए और अधिक फायदेमंद बनाने के लिए हम ब्रांड पैक्स पेश कर रहे हैं जो जोमेटो पर चुनिंदा रेस्तरां के लिए लॉयल्टी प्रोग्राम बनाने की हमारी पहली कोशिश है। ब्रांड पैक ऐसे पैकेज हैं जो उन ग्राहकों को रिवॉर्ड देते हैं जो बार-बार किसी खास रेस्तरां से ऑर्डर करते हैं। इनमें खास ऑफर्स और डिस्काउंट होते हैं, जिससे खाने का अनुभव और बेहतर हो जाता है। ब्रांड पैक जैसे लॉयल्टी प्रोग्राम कई दुकानें और कंपनियां अपने ग्राहकों को बार-बार खरीदारी करने के लिए आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए इस्तेमाल करती हैं। जोमेटो ने भी अपने ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए नए तरीके खोजने की कोशिश में यह नया तरीका शुरू किया है। गोयल ने बताया कि 4000 से ज्यादा रेस्तरां और एक लाख से ज्यादा ब्रांड पैक पहले ही बिक चुके हैं। ये पैक जोमेटो ऐप पर मिल रहे हैं। कई ब्रांड पैक खरीदने पर अगले तीन ऑर्डर पर 10 फीसदी की अतिरिक्त छूट मिल रही है। इस ऑफर के लिए मिनिमम ऑर्डर करने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा छूट की कोई सीमा नहीं है और इसे रेस्तरां के आम कूपन और जोमेटो गोल्ड की छूट के साथ भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# बीते सप्ताह एक फीसदी चढ़ा शेयर बाजार

- सेंसेक्स 1,292 अंक बढ़त के साथ 81,332 पर बंद
- निफ्टी 428.7 अंक बढ़त के साथ 24,834 पर बंद




**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और उम्मीद से ज्यादा बेहतर अमेरिकी डेटा की वजह से बजट सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार ने तेजी बनाना जारी रखा। इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं और इंडिया इंक के मिलेजुले नतीजों ने शेयर बाजार में उतार-चढाव जारी रखा। इस सप्ताह शेयर बाजार में एक फीसदी से ज्यादी तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार के सप्ताह भर के कारोबार पर नजर डालें तो बजट पेश होने से एक दिन पहले सोमवार को शेयर बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 504 अंक गिरकर 80,100.65 अंक पर खुला और 102 अंक गिरकर 80,502 अंक पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 50 168.6 अंक फिसलकर 24,362.30 अंक पर खुला और 21 अंक गिरकर 24,509 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 166.41 अंक की तेजी के साथ 80,668.49 अंक पर खुला और 73.04 अंक की गिरावट के साथ 80,429.04 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 59.65 अंक की बढ़त के साथ 24,568.90 अंक पर खुला और 30.30 अंक की गिरावट के साथ 24,479.00 पर बंद हुआ। बुधवार को विदेशी फंड की निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी घरेलू बाजारों के लिए खेल बिगाड़ दिया। कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 233.7 अंक गिरकर 80,195.34 पर खुला और 280 अंक गिरकर 80,148 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 73.45 अंक गिरकर 24,405.60 पर खुला और 65 अंक गिरकर 24,413 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 606.77 अंक की गिरावट के साथ 79,542 पर खुला और 109.08 अंक टूटकर 80,039 पर बंद हुआ। निफ्टी 182.55 अंक की गिरावट के साथ 24,230 पर खुला और 7.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,406.10 अंक पर बंद हुआ। बीते कई दिनों की कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार की सुबह हरियाली दिखी। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 218.08 अंकों की बढ़त के बाद 80,234.64 पर खुला और 1,292.9 अंक की बढ़त के साथ 81,332.7 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77.41 अंक मजबूत होकर 24,483.50 पर खुला और 428.7 अंक की बढ़त के साथ 24,834.8 अंक पर बंद हुआ।

# चीन से बढ़ते इस्पात आयात का मुनाफे पर पड़ रहा असरः सज्जन जिंदल



**नई दिल्ली ।**

जेएसडब्ल्यू स्टील के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा कि चीन से बढ़ते इस्पात आयात का घरेलू कंपनियों की कमाई पर नेगेटिव असर पड़ रहा है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जिंदल ने कहा कि कई देशों ने इस्पात आयात के खिलाफ पहले ही कदम उठाए हैं और भारतीय इस्पात उद्योग भी समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू इस्पात की मांग में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो आर्थिक वृद्धि से अधिक है। यह बुनियादी ढांचे के विकास और प्रमुख इस्पात-उपभोक्ता क्षेत्रों की मजबूत मांग के कारण संभव हुआ है। जेएसडब्ल्यू स्टील के वित्त वर्ष 2023-24 के व्यावसायिक आंकड़े साझा करते हुए जिंदल ने कहा कि कंपनी ने इस अवधि में 92 प्रतिशत क्षमता उपयोग के साथ अपना उच्चतम कच्चा इस्पात उत्पादन प्राप्त किया। कंपनी ने अपने उत्पादन और बिक्री के लक्ष्य को 100 प्रतिशत पूरा किया। परिचालन से इसका राजस्व 1,75,006 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जिसमें ब्याज, कर, मूल्यह्रास और कर पूर्व आय की कमाई 28,236 करोड़ और कर के बाद का मुनाफा 8,973 करोड़ रहा। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.30 रुपए प्रति शेयर के लाभांश की सिफारिश की है, जिसे शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त करनी होगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत में अपनी क्षमता को 5 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की है।

## इस सप्ताह सोने की कीमत में 4804 रुपए की आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** हाल ही में मोदी सरकार के बजट में सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में कटौती की। जिसके बाद देश में गहनों के भावों में लगातार गिरावट आ रही है। इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 4804 रुपए की गिरावट देखी गई। वहीं चांदी में 8275 रुपए की गिरावट की गिरावट आई है। अब सोने की कीमत 68186 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया है। वहीं चांदी 81371 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। माना जा रहा है कि शुल्क में कमी होने से सोने के प्रति निवेशकों में आकर्षण और बढ़ेगा। दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपए की मजबूती के साथ 70700 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। चांदी 400 रुपए मजबूत होकर 84400 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई। इससे पिछले हफ्ते आखिरी कारोबारी सत्र में 19 जुलाई को सर्राफा बाजार में सोना 73273 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 89300 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



# ओला इलेक्ट्रिक 1 अगस्त से शुरू कर सकती है आईपीओ एंकर बुक

**नई दिल्ली ।**

ओला इलेक्ट्रिक 1 अगस्त को अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए एंकर बुक शुरू करने की योजना बना रही है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह निर्गम 2 से 6 अगस्त के बीच लोगों के लिए खुलने की संभावना है। इसे 9 अगस्त को स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कराया जा सकता है। ओला इलेक्ट्रिक ने ताजा निर्गम और ओएफएस के जरिये करीब 74 करोड़ डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के मुताबिक सॉफ्टबैंक समर्थित ईवी निर्माता को आईपीओ से करीब 4.5 अरब डॉलर का मूल्यांकन की संभावना है जो इसके पिछले फंडिंग राउंड के लगभग 5.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन से लगभग 18 प्रतिशत कम है। कंपनी एथर एनर्जी, बजाज और टीवीएस मोटर कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। ओला इलेक्ट्रिक ने 22 दिसंबर, 2023 को सेबी के पास अपना डीआरएचपी जमा कराया था। 20 जून को ओला इलेक्ट्रिक को




आईपीओ के लिए बाजार नियामक से मंजूरी मिल गई। इस मंजूरी के साथ ही ओला इलेक्ट्रिक के लिए सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी बनने की राह आसान हो गई है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों के आधार पर देश में तेल कंपनियां इनकी कीमतों को निर्धारित करती है। तेल कंपनियों के मुताबिक शनिवार को भी ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी कि सभी शहरों में इनकी कीमतें स्थिर चल रही हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर और पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।



## विवाहित और महिला कारोबारियों को इंट्रा-डे ट्रेड में कम हुआ घाटाः सेबी



**नई दिल्ली ।**

घरेलू शेयर बाजार में दैनिक आधार पर शेयर की खरीद-बिक्री (इंट्रा-डे) करने वाले विवाहित कारोबारी अविवाहित कारोबारियों के मुकाबले कहीं बेहतर नतीजे प्राप्त करने में सफल रहे हैं। इसके अलावा इंट्रा-डे कारोबार के मामले में महिलाएं पुरुष कारोबारियों के मुकाबले अधिक मुनाफा कमाती हैं। यह विश्लेषण इक्विटी नकदी खंड में इंट्रा-डे कारोबार को लेकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक अध्ययन में सामने आया है। एक कारोबारी सत्र में ही किसी शेयर की खरीद और बिक्री दोनों गतिविधियों का संचालन इंट्रा-डे कारोबार कहा जाता है। इस अध्ययन के मुताबिक विवाहित और एकल कारोबारियों के अलावा पुरुष और महिला कारोबारियों के बीच सौदा संबंधी व्यवहार और परिणामों के बीच बहुत अंतर है। सेबी ने पाया है कि इक्विटी नकदी खंड में इंट्रा-डे कारोबार करने वाले विवाहित लोग कई प्रमुख क्षेत्रों में अविवाहितों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। वित्त वर्ष 2018-19, 2021-22 और 2022-23 के दौरान अविवाहित कारोबारियों के मुकाबले विवाहित कारोबारियों ने इंट्रा-डे सौदों में कम नुकसान उठाया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 75 प्रतिशत अविवाहित कारोबारी घाटे में रहे जबकि घाटे में रहने वाले विवाहित कारोबारियों की संख्या 67 प्रतिशत थी। इसके अतिरिक्त विवाहित कारोबारियों ने कहीं अधिक संख्या में सौदे भी किए। सेबी के अध्ययन का एक महत्वपूर्ण पहलू पुरुष और महिला कारोबारियों का तुलनात्मक विश्लेषण है। इन सभी वर्षों में लगातार लाभ कमाने वालों के बीच महिला कारोबारियों का पुरुष कारोबारियों की तुलना में अधिक अनुपात था। सेबी ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि कारोबारियों का आयु समूह जितना कम होगा, उनमें नुकसान उठाने वालों का अनुपात उतना ही अधिक होगा। वहीं अधिक आयु समूह वाले कारोबारियों में नुकसान उठाने वालों का अनुपात कम था।

## अमेरिका में अन्य देशों की तुलना मे लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर कम

**नई दिल्ली ।**




केंद्र सरकार ने एक ओर इंट्राडे ट्रेडिंग पर लगने वाले शार्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है, वहीं लंबी अवधि के निवेश पर लगने वाले लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दरों को भी बढ़ा दिया है लेकिन क्या लांग टेरन कैपिटल गेन पर टैक्स केवल भारतीयों को ही देना पड़ता है, क्या अन्य देशों में भी इस टैक्सेशन से जुड़े कुछ नियम हैं? गौरतलब है कि बजट 2024 के प्रस्ताव के तहत शार्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। वहीं लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स दर को भी 10 से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। सरकार ने लांग टर्म में सोने और प्रॉपर्टी जैसे फिजिकल एसेट्स पर जो इंडेक्सेशन की सुविधा मिलती थी उसे भी खत्म कर दिया है। हालांकि, एक राहत है कि लांग टर्म कैपिटल गेन में अब 1.25 लाख रुपये तक का मुनाफा टैक्स मुक्त हो गया है। अमेरिका में दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर कम है। यहां शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर सामान्य है जबकि लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स अधिकतम 20 प्रतिशत है। वहीं यहां चल और अचल संपत्ति की बिक्री पर होने वाले फायदे पर सरकार टैक्स लेती है, जो कि 20 फीसदी है। वहीं शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयर्स की खरीद बिक्री पर होने वाले फायदे पर सरकार टैक्स नहीं वसूलती है। जापान में एसेट क्लास के अनुसार टैक्स की दरें अलग-अलग हैं। जैसे शेयर की बिक्री, जमीन और मकान की बिक्री पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स अधिकतम 20 प्रतिशत है जबकि शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स 39 प्रतिशत है। ऑस्ट्रेलिया में प्रॉपर्टी या पर्सनल प्रॉपर्टी बेचने पर टैक्स लगता है। इस पर बहुत कम दर से टैक्स वसूला जाता है। यदि कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक 12 महीने से ज्यादा के लिए कोई निवेश करता है, तो उसके कैपिटल गेन प्रॉफिट के 50 प्रतिशत पर ही उसे टैक्स देना होता है। सिंगापुर में किसी तरह का कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगता है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# ओलंपिक से गुड न्यूज... आज गोल्ड पर निशाना लगाने उतरेगी मनू भाकर

### -10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक से भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। भारत की स्टार निशानेबाज मनू भाकर महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंच गई है। इसके पहले भारत के पुरुष खिलाड़ी इस इवेंट में क्वालीफायर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे थे। मनू ने शानदार प्रदर्शन कर सटीक निशाना साधकर मेडल पर दावेदारी ठोक दी है। टॉप 8 में रहने वाले निशानेबाज को फाइनल राउंड में जगह मिलती है। कुल 580 अंकों के साथ मनू ने तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

निशानेबाज मनू ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहली तीन सीरीज के बाद दूसरे नंबर पर बनी हुई थी। वहीं भारत की एक और निशानेबाज रिदिमा सांगवान 24वें स्थान पर खिसक गई। चौथी सीरीज के बाद मनू तीसरे स्थान पर पहुंच गई। पहली तीन सीरीज में उन्होंने 97, 97, 98 स्कोर किया जबकि चौथी सीरीज में 96 का स्कोर कर सकी। रिदिमा ने अच्छी वापसी कर 24वें नंबर से उपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंची।

इसके बाद उन्होंने आखिरी सीरीज में भी 96 स्कोर के साथ फाइनल में जगह बना ली। 10 मीटर एयर पिस्टल वूमेंस इवेंट वह तीसरे स्थान पर रही और अब मेडल की दावेदारी पेश करेंगी। रिदिमा सांगवान 15वें नंबर पर रहीं।

मनू भाकर से देश को गोल्ड मेडल की उम्मीद है। पेरिस ओलंपिक में शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने के बाद उन्हें एक दिन का आराम मिलेगा। रविवार दोपहर 3.30 बजे मेडल हासिल करने के लिए मनू फाइनल में उतरेंगी।




# श्रीलंका दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह पक्की करना चाहेंगे श्रेयस



**मुम्बई (एजेंसी)।** श्रीलंका दौर से बल्लेबाज श्रेयस अय्यर टीम में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे। श्रेयस को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था हालांकि इसके बाद उन्होंने रणजी खेला पर बीसीसीआई ने उन्हें सालाना अनुबंध नहीं दिया है। श्रेयस ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को खिताब जीतकर एक बार फिर अपने को साबित किया। केकेकार के मेंटोर गौतम गंभीर के भारतीय टीम का कोच बनने के बाद से ही श्रेयस को एक बार फिर वापसी का अवसर मिला है। उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए एकदिवसीय सीरीज में शामिल किया गया है।

श्रेयस ने इस साल एकदिवसीय विश्वकप में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रुप में शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम के अच्छे बल्लेबाज हैं और वह श्रीलंका के खिलाफ तीनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका लक्ष्य इस सीरीज में अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना रहेगा। कोच गंभीर का उन्हें साथ मिला हुआ है पर अगर वह प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो फिर गंभीर भी कुछ नहीं कर पायेंगे। वैसे भी इस समय टीम में जगह के लिए कांटे का मुकाबला है क्योंकि जिम्बाब्वे दौरे में कई युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया था और वे टीम में जगह के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक- 2024 का आगाज, लेडी गागा ने बांधा समां



**लाहौर (एजेंसी)।** पेरिस (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक-2024 का आगाज हो गया। ओपनिंग सेरेमनी में दुनिया के अनेक रंग नजर आए। फ्रांस की संस्कृति की झलक के अलावा इस सेरेमनी में कई दिग्गज सितारों ने अपना परफार्मेंस दिया लेकिन सबसे ज्यादा सिंगर लेडी गागा ने सबसे मन मोह लिया। लेडी गागा ने अपने दमदार परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीता और इस सेरेमनी को यादगार बना दिया।

ये ओलंपिक सेरेमनी वैसे भी ऐतिहासिक थी क्योंकि पहली बार इसका आयोजन किसी स्टेडियम में नहीं बल्कि सीन नदी पर हुआ। उस पर लेडी गागा के परफॉर्मेंस ने इसमें चार चांद लगा दिए। लेडी गागा ने फ्रांस के मशहूर गाने गाया। इस गाने को वैसे जिजी जियानमाइरे ने साल 1962 में गाया था। लेडी गागा ने 62 साल पुराने इस गाने को गाकर एक बार फिर जिंदा कर दिया। गागा के प्रदर्शन को लेकर फैंस उनके परफॉर्मेंस को लेकर उत्साहित थे। सीन नदी के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों ने बालकनी से ही लेडी गागा के परफॉर्मेंस का आनंद लिया। गागा ने परेड ऑफ नेशंस के बीच में अपनी प्रस्तुति दी। सिर्फ उनके गाने ने ही नहीं बल्कि स्टेज पर जिस तरह से लेडी गागा ने कदम रखा, उनकी ड्रैस, उनके साथ परफॉर्म करने वाले साथियों की स्टाइल ने भी लोगों का ध्यान अपनी और खींचा।

# महिला एशिया कप: श्रीलंका, पाकिस्तान को 3 विकेट से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में

**दांबुला (एजेंसी)।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने 2 विकेट गंवा दिए। विश्मी गुणारत्ने (शून्य) और हर्षिता समाराविक्रमा (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े।



12वें ओवर में सादिया इकबाल ने समाराविक्रमा (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नीलाक्षी डिसिल्वा (शून्य), हसिनी परेरा (3) और सुगंधिका कुमारी (10) रन बनाकर आउट हुई। अनुष्का संजीवनी 22 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की टीम ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 141 रन बनाकर मुकाबला 3 विकेट से जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल ने 4 विकेट लिए। निदा डार और ओमाइमा सोहैल ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुनीबा अली और गुल फिरोजा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान को धीमी लेकिन अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने गुल फिरोजा को डिसिल्वा के हाथों कैच आउट कराकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद इसी ओवर में प्रबोधनी ने मुनीबा अली को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। गुल फिरोजा ने 24 गेंदों में 25 रन बनाये। वहीं मुनीबा अली ने 34 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली। सिदरा अमीन (10) और कप्तान निदा डार (23) रन बनाकर आउट हुई। फातिमा सना ने 17 गेंदों में नाबाद (23) और आलिया रियाज ने 15 गेंदों में नाबाद (16)रन बनाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 140 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ओर कविशा दिलहारी ने 2-2 विकेट लिए।

# शर्मिला ने महिला हॉकी टीम में वापसी का राज बताया

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड शर्मिला देवी ने कहा है कि अपने को बेहतर बनाने की चाहत के कारण ही वह टीम में वापसी कर पायी हैं। शर्मिला काफी समय तक टीम से बाहर रहने के बाद इसी साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच से वापसी करने में सफल रही थीं। इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह अब टीम में अपनी जगह बनाये रखने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने का प्रयास कर रही हैं। शर्मिला ने कहा कि टीम से बाहर होने का दौर मुश्किल भर था पर उसे दौरान वह मानसिक रुप से मजबूत बनी रहीं जिसका लाभ उन्हें मिला है। इस खिलाड़ी ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के बाद मुझे इस साल फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला। बीच का दौर मुश्किल था पर मैं सकारात्मक रुख के साथ धैर्यपूर्वक अपने अवसर का इंतजार करती रही।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने अपने खेल पर काफी काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक मामलों पर भी ध्यान दिया।''



## जो रूट ने तोड़ा ब्रायन लारा का ये बड़ा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में 63वां अर्धशतक ठोककर पूरे किए 12 हजार रन

लंदन ।वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच की पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 282 रन बनाए। इसके बाद पहली पारी में इंग्लैंड की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। वहीं खबर लिखे जाने तक जो रूट ने 122 गेंदों में 87 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं बेन स्टोक्स ने 54 रन दोनों ने ही अपने-अपने अर्धशतक पूरे कर लिए थे। जो रूट ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए और वो अब ब्रायन लारा से ज्यादा रन बनाने वाले टेस्ट बल्लेबाज भी बन गए। हालांकि, इस मैच में स्टोक्स फिर पहली पारी में 54 रन बनाकर आउट हो गए।



# टीम को नई दिशा दे सकते हैं गंभीर : शास्त्री



मुम्बई ।पूर्व क्रिकेट रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की राह आसान नहीं होगी। शास्त्री के अनुसार गंभीर को सबसे पहले खिलाड़ियों की सोच को समझना रहेगा। एक कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का सबसे कठिन काम होता है। अब देखना होगा कि गंभीर इसे कैसे लेते हैं। उनका मानना है कि गंभीर के पास पर्याप्त अनुभव है और वह शीघ्र ही ये समझने का प्रयास करेंगे कि कौन किस प्रकार का है और उसकी खूबी क्या है। उन्होंने कहा हर किसी को समझने के लिए एक ही एक ही मानक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ' गंभीर ने केकेआर के मेंटोर के तौर पर अच्छा काम किया है। वह अभी युवा हैं और टीम को नई दिशा दे सकते हैं। इसके अलावा वह अधिकतर खिलाड़ियों को करीब से जानता है क्योंकि खिलाड़ी और मेंटॉर के रूप में वह अलग-अलग आईपीएल टीमों में शामिल रहा है। अब उसे मिलकर एक संयुक्त प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, 'उसके पास अपने आइडिया भी होंगे। उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि उसके पास एक परिपक्व और स्थिर टीम है। भले ही आपको लगता हो कि आप परिपक्व हैं, लेकिन आपको नए आइडियाज से लाभ हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उसका सबसे अहम कार्य होगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि उसे इसमें कोई समस्या आएगी क्योंकि उसने काफी लोगों के साथ खेला है और उसे लंबा अनुभव है।।

# भारत-श्रीलंका टी20 मैच: खिलाड़ी 100 फीसदी प्रदर्शन करें और सीरीज जीतें: असलांका

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** भारत का आज यानी शनिवार को श्रीलंका से टी20 का पहला मैच होना है। इसको लेकर श्रीलंका के नए कप्तान चरित असलांका ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी मैदान पर अपना 100 फीसदी प्रदर्शन करें और सीरीज जीतें। भारत-श्रीलंका तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगे और उसके बाद इतने ही वनडे मैच भी खेलेंगे। असलांका ने माना किया कि उनकी टीम में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और टीम के कप्तान के रूप में उन्होंने उन्हें मैदान पर खुद को स्वतंत्र रूप से पेश करने की आजादी दी है।

असलांका ने कहा कि मैं खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक माहौल बनाना चाहता हूं। हमारे पास बहुत सारे प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि उनसे अधिकतम लाभ लेना और उन्हें मैच जिताना है। हमने उन्हें स्वतंत्र रूप से खेलने के की आजादी दी है और जब हमने उन्हें योजना दी है, तो बिना किसी डर के उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जाएं। एक कप्तान के रूप में आप मुझसे यही उम्मीद कर सकते हैं।

हाल ही में खत्म हुए सीज़न में अपनी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) फ्रेंचाइजी जाफना किंग्स को खिताब दिलाने के बाद ऑलराउंडर असलांका को लगता है कि यह देश का प्रमुख टी20 टूर्नामेंट है और शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाना चाहिए। असलांका ने कहा कि यदि आप एलपीएल को देखें तो यह नंबर-1 टूर्नामेंट है, हमें इस तरह के फैसले लेने होंगे। घरेलू टी20 से हटकर एलपीएल बहुत उच्च स्तर पर है। उन्होंने कहा लगता है कि यदि आप एलपीएल में प्रदर्शन करते हैं तो आपको ऐसा करना चाहिए। राष्ट्रीय टीम में खेलने का अच्छा मौका मिलेगा।

असलांका ने कहा कि हमारी टीम में चार सलामी बल्लेबाज हैं और जैसा कि मैं सोच रहा हूं उनमें से तीन शीर्ष में जगह बनाएंगे। उनमें से एक को बाहर होना होगा। उन्होंने कहा कि अंडर-15 में उन्होंने टीमों की कप्तानी की है और तब से बहुत बदलाव आया है। वह अपनी टीम के सदस्यों से भी यही कहते हैं हम उसी स्थान पर नहीं रह सकते जहां हम हमेशा से थे। दिन-ब-दिन, आपको सुधार करना होगा और इसी तरह आप एक अच्छे खिलाड़ी या अच्छे कप्तान बनेंगे। मैंने कई कप्तानों के साथ खेला है, और उनके कई अच्छे गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने की कोशिश की है।



# हुआंग, शेंग ने चीन को दिया पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड




पेरिस। विश्व चैंपियन निशानेबाज चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत हासिल कर अपने देश को पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चीनी जोड़ी ने चेटेउरौक्स शूटिंग सेंटर में अपने असाधारण कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक मैच में उनका सामना दक्षिण कोरिया के क्यूम जी-ह्योन और पार्क हा-जून से हुआ, जिसमें वे 16-12 के स्कोर से विजयी रहे। इससे पहले दिन में कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव की जोड़ी को कांस्य पदक प्रदान किया गया था। उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच को 17-5 के स्कोर से हराया।

# गौतम गंभीर के लिए पूर्व कोच राहुल द्रविड़ का खास संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के विजयी अंत के साथ राहुल द्रविड़ का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल भी यादगार अंदाज में खत्म हुआ। इसके बाद बीसीसीआई ने गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच बनाया है। गंभीर श्रीलंका दौरे पर अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे है। वहीं इसके पहले बीसीसीआई ने खास वीडियो शेयर किया है। एक नई शुरुआत के लिए पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने गंभीर को एक खास मैसेज दिया है। राहुल द्रविड़ संदेश में कहते हैं, हेल्लो गौतम, आपका हमारी दुनिया की सबसे रोमांचक जॉब में स्वागत है। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच के रूप में मुझे अपना कार्यकाल खत्म किए हुए 3 हफ्ते गुजर चुके हैं। द्रविड़ ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं यादें और दोस्ती को संजोकर रखूंगा जो मैंने अपने टाइम में टीम के साथ बनाई। जैसे कि आपने इंडिया के कोच की जिम्मेदारी ली है, मैं आपके लिए भी यही कामना करता हूं। द्रविड़ ने अपनी बात खत्म कर टीम के खिलाड़ियों के बारे में बात की और गौतम गंभीर को गुड लक बोला। उन्होंने कहा कि मैं यह आशा करता हूं कि प्रत्येक टीम में पूरी तरह से फिट खिलाड़ी उपलब्ध होंगे। द्रविड़ का यह मैसेज सिर्फ एक विदाई नहीं, बल्कि मार्गदर्शन भी था। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि इस काम के साथ बहुत ज्यादा उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। खिलाड़ियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों से मिलने वाले समर्थन के महत्व पर भी द्रविड़ ने बात की।

## केएससीए टी20 लीग : द्रविड़ के बेटे समित को मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार में खरीदा

बेंगलुरू ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अब महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 लीग में खेलते हुए नजर आयेंगे। समित को अपने करियर का पहला अनुबंध मिला है। समित को गत सत्र की उपविजेता मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार की राशि में अपने साथ जोड़ा है। समित बल्लेबाजी के साथ ही मध्यम तेज गेंदबाजी भी करते हैं। समित कूच बेहार ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक की अंडर 19 टीम में भी शामिल थे। केएससीए टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई। इसमें 240 खिलाड़ियों को खरीदा गया जिसमें श्रेयस गोपाल, कृष्णप्पा गौतम और जे सुचित भी शामिल हैं। मैसुरु वॉरियर्स की टीम के कप्तान करुण नायर हैं जबकि इसमें तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल है। गौतम और सुचित में रहेंगे। वॉरियर्स ने करुण को इस बार भी बरकरार रखा है। वहीं वॉरियर्स ने कृष्णप्पा गौतम को 7.4 लाख और जे सुचित को 4.8 लाख रुपए में खरीदा है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक लाख रुपए में शामिल किया गया है। इस नीलामी में सबसे अधिक रकम एलआर चेतन को मिली। उन्हें बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने 8.2 लाख रुपए में ख़रीदा है। ब्लास्टर्स की कप्तानी मयंक अग्रवाल के पास है। महराजा ट्रॉफी का का सत्र अगले माह 15 अगस्त से 1 सितंबर के बीच होगा।



# महिला एशिया कप: दबदबा बरकरार रखकर आठवां खिताब जीतने उतरेगा भारत, श्रीलंका से मिलेगी कड़ी चुनौती

**दांबुला (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखकर श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जीत दर्ज करके रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने की कोशिश करेगी। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने लीग चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से हराया था। सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश को 10 विकेट से पराजित किया था।

भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन टीम प्रबंधन गेंदबाजों विशेषकर दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह के प्रदर्शन से काफी खुश होगा।

दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक 9 विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सात विकेट लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है। इन दोनों का इकोनॉमी रेट भी शानदार है जिसका मतलब है कि उन्होंने विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है। इन दोनों की कसी गेंदबाजी का फायदा भारत के अन्य गेंदबाजों को भी मिला है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव इसका उदाहरण है जिन्होंने अभी तक 5.5 के इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए हैं।

भारतीय टीम के लिए कोई विभाग चिंता का विषय नहीं है लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी के कम मौके मिलने से वह थोड़ा चिंतित हो सकता है। दूसरी तरफ श्रीलंका भी अभी तक अजेय रहा है। उसने टूर्नामेंट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की है। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 144 रन से हराया था। श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अटापट्टू ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने अब तक 243 रन बनाए हैं लेकिन उनके अलावा श्रीलंका की कोई भी अन्य बल्लेबाज 100 रन तक नहीं पहुंची है। भारत को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे श्रीलंकाई कप्तान पर अंकुश लगाना होगा। भारत के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने श्रीलंका के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। ऑफ स्पिनर कविशा दिलहारी (सात विकेट) को छोड़कर अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज अभी तक प्रभाव छोड़ने में विफल रही हैं।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




रिमझिम बारिश का मौसम आ गया है। हालांकि अभी झमाझम बारिश कुछ ही जगह हुई है, लेकिन हल्की ही सही, बारिश तो बारिश है। इसलिए कुछ खास तो होना ही चाहिए, ताकि लगे कि तुम भी झूम कर बरखा रानी का स्वागत कर रहे हो।

# बारिश में मस्ती के बहाने

## ऐसे बचाना अपने पेट्स को..

बारिश के समय तुम यह सुनिश्चित करो कि तुम्हारे पेट्स भीगे नहीं। अगर वो भीग भी गए हैं तो उन्हें तुरंत पोंछ दें। अगर उन्हें ठंड लग रही है तो किसी कंबल से ढंककर रखो। जैसे ही बारिश बंद हो तो उन्हें घुमाने कहीं बाहर ले जाओ। उनके साथ खूब खेलो, जिससे वे सुस्त न पड़ें। उनके फर और पंजों को साफ करते रहो। इस मौसम में सबसे ज्यादा जानवर बीमार होते हैं, इसलिए तुम उन पर नजर रखो। अगर उन्हें जलन-खुजलाहट हो रही है या बाल झड़ने लगे हैं तो यह इन्फेक्शन के पनपने की निशानी है। समय से वेक्सिनेशन करवाना जरूरी है।

## इंद्रधनुष देखो

दरअसल इंद्रधनुष वर्षा की बूंदों पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों के डिस्पर्सन यानी फैलाव के कारण बनता है। जब सूर्य की किरणें वर्षा की बूंदों में प्रवेश करती हैं तो वे रिफ्लेक्ट यानी तिरछी हो जाती हैं और फिर बूंदों से निकलते समय लाइट प्रतिबिंब बनाती है। कहने का मतलब यह है कि सूर्य की किरणें कई कोणों पर रिफ्लेक्ट करती हैं, जिनकी वजह से रेन-बो बनते हैं। ये बरसात के मौसम के अलावा झरनों तथा समुद्र में बनने वाली बड़ी लहरों के पास भी दिखाई पड़ता है। सच तो यही है कि खुले स्थानों में जहां-जहां नमी बनती है, वहां-वहां रेन-बो दिखाई पड़ने की संभावना रहती है। इस मौसम में इसे तुम देख सकते हो।

## गीत तो गुनगुनाओ कोई

संगीत तो स्कूल में भी तुम्हारा मनपसंद विषय है। तो देर किस बात की अपना गिटार उठाओ और शुरू हो जाओ। इंस्ट्रूमेंट तुम्हारी पसंद का कोई भी हो सकता है। छई, छप्पा छई, छप्पाक छई.. जैसा कोई भी गीत तुम गुनगुनाओगे तो ऐसा लगेगा मानो बारिश की बूंदें भी तुम्हारा साथ दे रही हैं। जरूरी नहीं कि तुम्हें बारिश के गीत गाकर मस्ती करनी है। अपनी पसंद का कोई भी गाना, जिसे गाकर व दूसरों को सुना कर मजा आए, तुम गुनगुना और गा सकते हो।

## डॉगी का साथ व रिमझिम बरसात

तुम अक्सर शाम के वक्त अपने डॉगी को पार्क में घुमाने ले जाते हो। उसके साथ खेलने में तुम्हें मजा भी बहुत आता है। तो क्यों न इस मौसम में बारिश की रिमझिम फुहारों का मजा अपने डॉगी के संग लिया जाए। यकीन मानो उसे भी बहुत मजा आएगा। ध्यान रहे कि भीगने में तुम इतने मत खो जाना, जिससे तुम्हें समय का ख्याल ही न रहे। कहने का मतलब यह है कि 10-15 मिनट के बाद खुद डॉगी के साथ वापस घर आ जाना। हां, अगर तुम्हारा डॉगी कुछ दिनों से बीमार चल रहा है तो उसे बारिश में लेकर मत जाना।

## बारिश में नाव

क्या तुमने कभी नाव चलाई है? हम बड़ी नदी में चलने वाली नाव की बात नहीं कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं तुम्हारी खुद की बनाई कागज की नाव की। दरअसल अब तुम बच्चे नाव चलाकर मनोरंजन करते दिखाई नहीं देते। मगर आज भी दूरदराज के गांवों या छोटे शहरों में बच्चो बरसात के इस मौसम में मजे से नाव चलाते हैं। तुम भी दूर तक तैरती हुई नाव देख सकते हो। झमाझम बारिश के बाद तुम्हारी कॉलोनी में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाता है। उस पर नाव छोड़ना, मस्ती ही मस्ती है। अगर तुम्हें फुल मस्ती चाहिए तो सभी दोस्त एक साथ अपनी कश्ती पानी में उतारो। फिर देखना कैसे छोटी-बड़ी कश्तियां धीरे-धीरे पानी में तैरती हैं। इन्हें देख कर तुम खूब मस्ती करोगे। अगर तुम्हें नाव बनानी नहीं आती तो तुम बड़े भाई या पेरेंट्स से सीखो। इन्हें नाव बनानी जरूर आती होगी। उनसे पूछना कि जब वे इस मौसम में खुद की बनाई नाव चलाते थे तो उन्हें कैसा लगता था।




बात जारी है पेज 8 पर...




## इनको मिल जाती है बारिश की आहट

- भारी बारिश या तूफान आने से पहले ब्लैक कोकाटूस पहाड़ों से नीचे आना आरंभ कर देते हैं। ऐसा ये सुबह के समय करते हैं।
- बिल्लियां अपने पैरों को चाटती हैं और उससे अपनी आंखों को साफ करती हैं। ऐसा माना जाता है कि बिल्ली के कान काफी तेज होते हैं और उन्हें मौसम बदलने से पहले ही कुछ ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं, जिससे उनमें यह बदलाव आ जाता है।
- गाय का बछड़ा यदि ज्यादा एक्टिव दिख रहा हो तो इसका मतलब है कि बारिश आने वाली है। बछड़ा ऐसे में अपनी आंखों को खुजलाना आरंभ करता है।
- अगर कुत्ता अपनी पीठ के बल सोने लगे तो समझ लेना चाहिए कि मौसम बदल सकता है।
- अगर मेंढक चिल्लाने लगें तो मान लें कि 24 से 48 घंटे में बारिश होगी।
- तोते बारिश होने से पहले खास तरह की आवाजें निकालना आरंभ कर देते हैं।
- कछुए अगर नदी को छोड़कर मैदानी इलाकों की ओर आएं तो बारिश या बाढ़ आती है।

### गर्मागर्म पकौड़े हो जाएं

सोचो, आज छुट्टी का दिन है। आज भैया-दीदी, मम्मा-पापा, सभी घर में हैं। बाहर झमाझम बारिश हो रही है। खिड़की से तुम अपने गमले के पत्तों पर पड़ रही बूंदों को निहार कर खुश भी हो रहे हो। शाम का वक्त है। हर रोज की तरह चाय का समय है। मम्मा से कहो, मम्मा आज चाय के साथ गर्मागर्म पकौड़े बना दो। हां, तुम इतना जरूर कर सकते हो कि मम्मा की रसोई में कुछ मदद कर दो और पकौड़ों के बनते ही सभी को उनकी जगह पर सर्व भी कर देना। तुम खुद महसूस कर सकोगे कि बारिश में चाय और पकौड़ों का आनंद अलग ही होता है। तुम चाहो तो अपने कुछ दोस्तों को भी बुला सकते हो।

### बारिश को उतारो कैनवस पर

तुम में ऐसे बहुत से होनहार होंगे, जो देख कर कैनवस पर हूबहू वैसा ही उतार देते हैं। बस, तो इस मस्त मौसम में क्यों न कुछ ऐसा ही किया जाए। घर की बालकनी या खिड़की से बाहर ताक-झांक करो। तुम देखोगे कि बाहर एक से एक मजेदार सीन नजर आएंगे। सब्जी वाला भैया रेहड़ी दौड़ा कर सब्जियां बचा रहा होगा तो कुछ लोग एक ही छतरी से बारिश की बूंदों से बचने की कोशिश कर रहे होंगे। तो वहीं पेड़ों पर रिमझिम बारिश से मस्त प्राकृतिक दृश्य बन रहा होगा। बस उस दृश्य को कैनवस पर कैद कर लो।

### मस्ती कुछ ऐसे भी

हम जानते हैं कि तुम्हें बारिश में भीगने में बहुत मजा आता है, लेकिन मम्मा मना करती हैं। आठवीं में पढ़ने वाली श्वेत कहती हैं कि मैं तो बारिश का नाम सुनते ही झूमने लगती हूं। आर्टिफिशयल शॉवर में वो मजा कहां, जो बारिश में भीगने में आता है। हमने तो स्कूल खुलने से पहले बारिश का इंतजार शुरू कर दिया था।' वहीं स्वभाव से शरारती अंकित का कहना है कि मैं स्कूल पैदल ही जाता हूं, क्योंकि मेरा स्कूल नजदीक ही है। इन दिनों मैं चाहता हूं कि बारिश उसी समय हो, जब स्कूल की छुट्टी हो, ताकि जम कर भीगा जाए। और रास्ते में छोटे पानी भरे हर गड्ढे में छपाक से पैर जरूर मारता हूं। तो हो जाओ तैयार तुम भी।

### अपना कमरा बन जाएगा सुंदर

अपने कमरे की सफाई खुद करो। कई दिन से तुम्हारी अलमारी की सफाई नहीं हुई। उस पर रखे कुछ खिलौनों से तुम सिर्फ इसीलिए नहीं खेल पाते, क्योंकि उन पर धूल जमी हुई है। बस क्या, म्यूजिक चलाओ और झूमते-झूमते हुए अपनी अलमारी को बना दो एकदम साफ-सुथरा। बारिश के बहाने ही सही, तुमने अपने कमरे को भी सजा दिया।

### सीखेंगे कुछ नया

अब बाहर तो बारिश हो रही है, पार्क में जाकर खेला भी नहीं जा सकता। बारिश में भीगने का मन नहीं है। तो क्या तुम घर बैठे-बैठे बोर होना चाहते हो। क्यों न इस समय का सदुपयोग कुछ नया सीखने के लिए किया जाए। इसके लिए मम्मी से बात करो। घर के छोटे कामकाज सीखोगे तो भी अच्छा रहेगा। और कुछ नहीं तो अपना कमरा समेटना, किताबें सही जगह रखना सीखो। घर के दूसरे कामों में मां की मदद करो। अगर ये करने का मन नहीं है तो क्राफ्ट भी कर सकते हो, पोयम या कुछ और लिख सकते हो, साइट्स देख सकते हो या दादी-दादू के साथ समय बिता सकते हो।

### पतंग बनाना भी है मजेदार

मार्केट से बनी हुई पतंगें तुमने कई दफा खरीदी होंगी। इस बार क्यों न खुद ही पतंग बनाई जाए। जब बाहर जाना मुमकिन न हो तो ऐसे खुद पतंग बनाने का आइडिया है कमाल का। तुम स्कूल में तो अपनी कलाकारी खूब दिखाते हो, क्यों न इस क्रिएटिविटी को पतंग बनाने में लगा दिया जाए। जब डोर थामे तुम दूर दिख रही पतंग को देखोगे तो यकीन मानो तुम्हें जरूर अच्छा सा अनुभव होगा।

# दादी का अस्पताल

अंतरिक्ष के पास एक पैर से चलाने वाली साइकिल थी। वह जब उसे चलाने बाहर निकलता तो उसकी दादी पीछे दौड़तीं। घर ढलान पर था। आसपास बहुत से चिनार के पेड़ थे। जंगली घास भी थी। दादी को लगता कि कहीं बच्चा साइकिल को न संभाल सके और नीचे लुढ़क जाए। तब क्या होगा? कितनी चोट लगेगी। आसपास वाले दादी से मजाक में कहते- ऐसा करो तुम भी एक साइकिल ले लो । बच्चे के साथ चलाओ, कुछ कसरत भी हो जाएगी और यह डर भी जाता रहेगा कि अंतरिक्ष कहीं गिर न जाए। दादी सुनती और चुप रह जातीं। उन्हें लगता कि कहीं बच्चे की ज्यादा चिंता करके वह गलती तो नहीं कर रही हैं, क्योंकि सब कहते थे कि बच्चा गिरेगा नहीं, गलती नहीं करेगा तो सीखेगा कैसे?

लेकिन गलती करने के चक्कर में कहीं इतनी चोट लग गई कि संभाले नहीं संभली तब फिर सब उन्हें ही सुनाएंगे कि वह तो बच्चा है। तुम तो बड़ी थीं, रोका क्यों नहीं? खान-पान में भी वह चाहती थीं कि वह दाल खाए, सब्जी खाए, दूध पिए, मगर वह हमेशा चॉकलेट और बर्गर मांगता। दाल देखकर नाक-भौं सिकोड़ता और खाने के नाम पर इधर-उधर दौड़ता। वह अपने बेटे से कहतीं तो वह कहता-जो चाहता है खाने दो। बच्चे पर क्या रोक लगानी।

दादी को लगता कि क्या वह सचमुच पुराने जमाने की हो गईं। क्या उन्हें बच्चों के खान-पान और उनके स्वास्थ्य के बारे में कुछ नहीं मालूम। उन्हें लगा कि जब उनकी बात किसी को अच्छी ही नहीं लगती है तो वह क्यों बोलें? बस अब वह चुप रहने लगीं। अंतरिक्ष क्या खाता है, क्या करता है, इस पर वह कुछ न बोलतीं। वह उन्हें दिखाकर तेज साइकिल दौड़ाता, दादी का दिल जोर से धड़कता मगर वह चुप। वह जुकाम-खांसी में ठंडा जूस और आइसक्रीम खाने की जिद करता, उनका मन करता कि रोकें, मगर नहीं। वह एक चॉकलेट खाता, दूसरी मांगता। माता-पिता पकड़ाते जाते, दादी को बुरा लगता। सोचतीं कि बच्चों को कुछ हो न जाए, मगर किससे कहतीं? क्या सचमुच ही वह आउटडेटेड हो गई थीं या वक्त के हिसाब से दुनिया और बच्चों की जरूरतें बदल गई थीं, उन्हें ही पता नहीं चला था। वह अपने बच्चों के बचपन को याद करती थीं। बच्चे को जैसे ही कुछ तकलीफ होती थी और उन्हें समझ में नहीं आती थी तो वह फौरन अपनी मां या सास को फोन करतीं। फिर कोई न कोई दवा ऐसी होती जो घर के मसालों, सब्जियों, दही, दूध, शहद में मौजूद होती, बच्चों को देतीं और वे ठीक हो जाते। मगर अब सब बातों के लिए डॉक्टर के पास दौड़ना था। डॉक्टर न मिले तो अस्पताल ले जाना था। सवेरे का वक्त था। सब लोग ऑफिस जाने की तैयारी कर रहे थे। दादी सबके लिए खाना बना चुकी थीं। सलाद काट रही थीं कि इतने में फोन बजा। वह फोन उठाने गईं। बातचीत करके लौटीं तो देखती क्या हैं कि जिस चाकू से सलाद काट रही थीं, अंतरिक्ष उसे ही लेकर दौड़े जा रहा है। दादी को डर लगा, वह उसके पीछे दौड़ीं और फिसलने से बचीं। उन्होंने अंतरिक्ष के पापा को पुकारा-अरे देखो तो इसके हाथ से चाकू ले लो। कहीं हाथ में न लग जाए। बहुत ही शैतान होता जा रहा है। अंतरिक्ष के पापा ने दौड़कर उसे पकड़ा और दोनों हाथों को पकड़ लिया। पापा चाकू ले लेंगे, यह सोचकर उसने चाकू को तेजी से मुट्ठी में बंद कर लिया। और दादी के मुंह से निकला-हे भगवान ये क्या हुआ? अंतरिक्ष के पापा की नजर भी पड़ी। उसकी की हथेली से तेज खून बह रहा था। उसके पापा ने घबराकर कहा-मां देखो यह क्या हो गया? अभी तो डॉक्टर भी नहीं आया होगा। उसकी मम्मी भी घबरा गईं।

दादी वापस रसोई में गईं। मसालदानी से ढेर सी हल्दी लाईं और अंतरिक्ष के घाव पर बुरक दी। थोड़ी ही देर में खून बहना बंद हो गया। फिर दादी ने पानी में पट्टी को डुबोया और उसके हाथ पर बांध दी। पानी की पट्टी से क्या होगा मां? उसके पापा ने पूछा तो दादी बोलीं-इससे घाव जल्दी भर जाएगा। लेकिन खून इतनी जल्दी कैसे रुक गया? हल्दी से। हल्दी एंटीसेप्टिक भी है।

वाह भई मां, आप तो पूरी डॉक्टर निकलीं। अंतरिक्ष के पापा ने कहा तो दादी मुसकराईं। उन्हें अपने बेटे का बचपन याद आ गया। कैसे खेलते वक्त वह चोट लगाकर लाता था और वह इसी तरह के उपाय किया करती थीं। फिर भी उसके माता-पिता को लगा कि उसे डॉक्टर के पास ले जाना जरूरी है। डॉक्टर ने उसे देखा। दवा लगाई। इंजेक्शन दिया फिर कहा-आपकी मम्मी ने बिलकुल ठीक किया हल्दी लगाकर और पट्टी बांधकर, वरना बच्चे का काफी खून बह जाता। घाव गहरा है। फिर मुसकराकर बोला-इन बूढ़ों की नॉलेज के सामने तो कई बार डॉक्टर भी हार मान जाते हैं। डॉक्टर की बात सुनकर अंतरिक्ष के मम्मी-पापा को भी लगा कि उन्हें भी कभी-कभी अपने माता-पिता की नॉलेज का लाभ उठाना चाहिए। जब वे लौट रहे थे, तभी रेडलाइट पर गुब्बारा बेचने वाला आया। जब अंतरिक्ष लौटा तो उसके हाथ में बड़ा सा गुब्बारा था। वह दौड़ता हुआ दादी के पास गया-देखो गुब्बारा। दादी बोलीं-ठीक है, खूब खेलो। अंतरिक्ष ने मम्मी-पापा को बाय कहा। वे दफ्तर चले गए थे और वह खेल में मशगूल हो गया था।





Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## दुनिया का दूसरा सबसे जोखिम वाला शहर कराची



कराची। पाकिस्तान आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है। पाकिस्तान चाहता है कि टूरिस्ट आए, जिससे उसकी कमाई हो सके। लेकिन पाकिस्तान की उम्मीदों पर एक रिपोर्ट ने पानी फेर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का कराची शहर दुनिया के दूसरे सबसे जोखिम वाले शहरों में से एक है। कराची को 100 में से 93.12 नंबर के साथ पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे जोखिम भरा शहर माना गया है। फोर्ब्स एडवाइजर की तीन सबसे जोखिम भरे शहरों की सूची जारी की गई। बेनेजुएला के कराकस के बाद कराची दूसरे स्थान पर था। कराकस का स्कोर 100 था। म्यांमार का यांगून 100 में से 91.67 स्कोर के साथ तीसरा सबसे खतरनाक शहर है। रिपोर्ट में सबसे खतरनाक दूसरा शहर होने का कारण उच्च व्यक्तिगत सुरक्षा जोखिम, अपराध, हिंसा, आतंकवादी खतरों, प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक कमजोरियों से जोखिम है। रिपोर्ट कहती है कि कराची को अमेरिकी विदेश विभाग से दूसरी सबसे खराब यात्रा सुरक्षा रेटिंग मिली है, जो यात्रा पर पुनर्विचार करने को कहता है। फोर्ब्स एडवाइजर ने कहा कि पर्यटकों के लिए सबसे अधिक और सबसे कम जोखिम वाले शहरों की सूची बनाने के लिए, सात प्रमुख मैट्रिक्स में दुनिया के 60 शहरों की तुलना की गई। कराची बार-बार नहीं रहने लायक शहरों की सूची में आता रहा है। 2017 में इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की ओर से कराची को दुनिया के सबसे कम सुरक्षित शहरों में नामित किया गया था। दुनिया के खतरनाक शहरों की ही तरह फोर्ब्स एडवाइजर की ओर से सबसे सुरक्षित शहरों की भी लिस्ट सामने आई है। दुनिया के सबसे सुरक्षित शहरों में सिंगापुर है। सिंगापुर को 100 में से शून्य अंक मिले हैं। जापान का टोक्यो दुनिया का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर है। वहीं कनाडा का टोरंटो शहर तीसरा सबसे सुरक्षित शहर है।

## अमेरिका के व्योमिंग प्रांत में विमान दुर्घनाग्रस्त, कई लोगों की मौत

वाशिंटन। अमेरिका के व्योमिंग प्रांत में एक विमान दुर्घनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार कई लोगों की मौत होने के साथ ही जंगल में भीषण आग लग गई। मीडिया रिपोर्ट में कैंपबेल काउंटी के अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में बताया कि यह हादसा तब हुआ जब विमान व्योमिंग की सीमा के पास स्थित जिलेट शहर में उड़ान भर रहा था। हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या पता नहीं चल सकी है। रिपोर्ट के मुताबिक हादसे से पहले विमान के पायलट ने आपात संदेश भेजकर बताया था कि विमान में कुछ गड़बड़ी आ गई है। उन्होंने बताया कि बाद में इलाके के लोगों ने फोन कर दुर्घटनास्थल के पास से धुआं उठता दिखने की जानकारी दी। विमान के दुर्घनाग्रस्त होने से जिलेट के आसपास के जंगलों में भीषण आग लग गई। विमानों की मदद से इलाके में पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाने के प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने हादसे की जांच के लिए अपनी एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना कर दी है।


## चीन के औद्योगिक पार्क में विस्फोट, पांच लोगों की मौत

झेंग्झौ। मध्य चीन के हेनान प्रांत के योंगचेंग शहर के औद्योगिक पार्क में एक संयंत्र में विस्फोट हो गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 14 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को दी। शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के मुताबिक गाओझुआंग औद्योगिक पार्क में शुक्रवार शाम को मशीन में विस्फोट हुआ जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने कंपनी के प्रभारियों को हिरासत में ले लिया है और घटना के कारणों की जांच शुरु कर दी है।

## इजराइली हमले में अब तक यूएनआरडब्ल्यूए के 199 सहयोगियों की मौत

गाजा। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष की शुरुआत के बाद से गाजा में हजारों फिलिस्तीनियों के साथ मारे गए उसके कर्मचारियों की संख्या भी बढ़कर 199 हो गई है। यूएनआरडब्ल्यूए ने एक बयान जारी कर कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के 199 सहयोगी मारे गए हैं। इसने कहा कि गाजा में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में करीब एक हजार से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साता अक्टूबर, 2023 को हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमला किया और नागरिकों और सैन्य ठिकानों पर हमला कर इज़राइल में करीब 1200 लोग मारे गए थे, और 240 लोगों को बंदी बना लिया था। इज़राइल ने जवाबी हमला कर नाकाबंदी का आदेश दिया और फिलिस्तीनी एन्क्लेव में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या 39 हजार से ज्यादा हो गई है और 90 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## बाइडेन ने जॉर्डन के राजा से बात की....गाजा के हालातों पर चर्चा



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से बात की, गाजा में जॉर्डन के मानवीय प्रयासों की सराहना कर फिलिस्तीनी प्राधिकरण के समर्थन और युद्धविराम के प्रयासों पर चर्चा की। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। व्हाइट हाऊस के बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडेन ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से बात की। बयान में कहा गया कि बाइडेन ने अब्दुल्ला द्वितीय को गाजा में युद्धविराम सुनिश्चित करने और शेष बंधकों की रिहाई के लिए चल रहे प्रयासों के साथ-साथ युद्धविराम अवधि के दौरान गाजा निवासियों के लिए मानवीय सहायता को बढ़ाने की योजना के बारे में सूचित किया।

## 170 साल पुराने जहाज का मलबा मिला

ओलैंड। स्वीडन के पास बाल्टिक समुद्र में 19वीं सदी में डूबे जहाज का मलबा बरामद हुआ है। यह जहाज शैम्पेन की बोतलों, मिनरल वॉटर और पोर्सीलेन (सेरेमिक) से भरा हुआ था। जहाज का मलबा स्वीडन के ओलैंड के 37 किमी दक्षिण में मौजूद था। यह जहाज 170 साल पहले डूबा था। मलबे को ढूंढने वाले पोलैंड के डाइवर स्टैचुरा ने बताया कि वे पिछले 40 सालों से बाल्टिक समुद्र में जहाजों के मलबे की तस्वीरें लेते रहे हैं। यह पहली बार है जब उन्हें किसी जहाज पर शराब की 100 से ज्यादा बोतलें मिली हैं। स्टैचुरा की कंपनी की तरफ से जारी किए गए प्रेस रिलीज में बताया गया कि जहाज का मलबा बहुत ही अच्छी हालत में था।

## पाकिस्तान में बस-ट्राले की टक्कर में चार की मौत, दस घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के जमशोरो जिले के समीप एक बस और ट्राले की टक्कर में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। दस लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक यह दुर्घटना मोटरवे एम-9 पर एक यात्री बस और ट्राले की टक्कर होने से हुई, जिससे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को अस्पताल ले गए, जहां एक यात्री की मौत हो गई।




फ्लोरिडा के पाम बीच में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मार-ए-लागो यात्रा के खिलाफ़ प्रदर्शन करते लोग।

## ट्रम्प पर हुए हमले को लेकर की जा रही अटकलों पर लगा विराम



वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को लेकर लगाई जा रही अटकलों को विराम देते हुए अमेरकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इस बात को साफ कर दिया है कि पेनसिल्वेनिया की रैली के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कान में गोली लगी थी। एफबीआई ने बयान जारी कर कहा कि हमलावर की रायफल से चली गोली या छर्रा ट्रंप के कान में लगा था। इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रम्प पर हुए हमले को लेकर कुछ टिप्पणियां की गई थीं, जिससे इस बात को लेकर अटकलें लगने लगी थीं कि क्या ट्रंप को वास्तव में गोली लगी थी। इस टिप्पणी को लेकर ट्रंप और उनके सहयोगियों ने नाराजगी जताई थी। एफबीआई और सीक्रेट सर्विस समेत जांच में शामिल कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने अभी तक यह साफ नहीं किया था कि ट्रंप किस वजह से घायल हुए थे। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने भी उस अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड जारी करने से इनकार कर दिया था, जहां पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प का घायल होने के बाद इलाज किया गया था। ट्रंप के स्वास्थ्य के संबंध में हर जानकारी या तो खुद ट्रंप से या फिर व्हाइट हाउस में उनके पूर्व चिकित्सक रॉनी जैक्सन से मिली थी। एफबीआई ने बाद में बयान जारी कर पुष्टि की कि गोलीबारी पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास थी, जिसके परिणामस्वरूप वह घायल हुए और इस गोलीबारी में एक वीर पिता की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

# पापुआ न्यू गिनी में नरसंहार, 50 ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा

### -आधी रात को 30 लोगों की गैंग गांव में घुसी और कत्लेआम को अंजाम दिया, रात भर पड़े रहे कई शव मगरमच्छ खा गए



**पापुआ न्यू गिनी (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के समीप प्रशांत महासागर क्षेत्र में स्थित पापुआ न्यू गिनी में हैरान करने वाला नरसंहार हुआ है। यहां आधी रात अज्ञात लोग गांव में घुसे और सो रहे 50 ग्रामीणों का कत्ल कर दिया। रातभर पड़े रहे शवों में कईयों को मगरमच्छ खा गए। रिपोर्टों के अनुसार, मरने वालों में महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हैं। इस घटना ने देश को हिलाकर रख दिया है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। उन्होंने कहा है कि ये संख्या 50 के पार भी जा सकती है क्योंकि और कई लोग लापता हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त वोल्कर तुर्क ने आधिकारिक बयान में बताया कि हमले 16 जुलाई और 18 जुलाई को हुए थे। उन्होंने कहा मैं पापुआ न्यू गिनी में घातक हिंसा के अचानक फैलने से भयभीत हूं। यह हिंसा भूमि और झील के स्वामित्व और इसके इस्तेमाल संबंधी विवाद का परिणाम प्रतीत होती है। तुर्क ने बताया कि कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है, जिनमें 16 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा ''यह संख्या बढ़ कर 50 से अधिक हो सकती है क्योंकि स्थानीय अधिकारी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा घरों को जला दिए जाने कारण 200 से अधिक ग्रामीण अन्यत्र चले गए है।' दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के कार्यवाहक प्रांतीय पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' को बताया ''घटना बहुत भयावह थी। जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि वहां बच्चे, पुरुष व महिलाओं की लाशें पड़ी थीं। उन्हें 30 युवकों के एक समूह ने मार डाला। बाउगेन ने बताया कि गांवों के सभी घर जला दिए गए हैं और शेष ग्रामीण पुलिस थाने में शरण लिए हुए हैं। बाउगेन के अनुसार, ग्रामीण हमलावरों का नाम बताने से भी डर रहे हैं। उन्होंने बताया ''रात में कुछ शवों को पास के दलदल के मगरमच्छों ने निवाला बना लिया। हमने केवल वह जगह देखी जहां उन्हें मारा गया था। लोगों के सिर काट दिए गए थे।'' बाउगेन ने बताया कि हमलावर छिप गए हैं और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## मस्जिदों को लेकर जर्मनी ने कर दिया ये कैसा ऐलान, 54 जगहों पर छापेमारी के बाद जड़ दिया ताला




**(एजेंसी)।** जर्मनी की पुलिस ने अचानक कई मस्जिदों पर ताला लगा दिया है। जिसके बाद पूरे देश में भयंकर बवाल मच गया है। जर्मनी की पुलिस ने बयान दिया है कि उसने इस्लामी आतंक से जुड़ी 54 जगहों पर छापेमारी की है। इनमें मस्जिदों के अलावा लोगों के घरों पर भी छापे मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबित इसे इस्लामिक कट्टरपंथ के खिलाफ जर्मनी का सबसे बड़ा एक्शन बताया जा रहा है। लेकिन आपको बता दें कि जर्मनी में आज जो कुछ हो रहा है इसका जिम्मेदार वो खुद है। जर्मनी में इस्लामिक कट्टरता से लड़ने की बातें कर रहा है। लेकिन इसी जर्मनी ने कश्मीर में आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान का हमेशा साथ दिया है। कश्मीर के मुद्दे पर हमेशा पाकिस्तान से साथ खड़ा रहा है। लेकिन अब जर्मनी को अपने कर्मों का फल मिल रहा है।

आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि वह अधिनायकवादी शासन, आक्रामक यहूदी विरोधी भावना और आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के समर्थन का प्रचार करने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ हैम्बर्ग और उसके संबद्ध संगठनों पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध लगा रहा है। बर्लिन, फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख में तीन अन्य मस्जिदों पर भी छापा मारा गया और उन्हें बंद कर दिया गया। आंतरिक मंत्री नैन्सी फेसर ने कहा कि जर्मनी में एक इस्लामवादी, अधिनायकवादी विचारधारा का प्रचार करता है। यह इस्लामी विचारधारा मानवीय गरिमा, महिलाओं के अधिकारों, स्वतंत्र न्यायपालिका और हमारे लोकतांत्रिक राज्य के खिलाफ है। मेरे लिए यह स्पष्ट अंतर करना बहुत महत्वपूर्ण है- हम किसी धर्म के विरुद्ध कार्य नहीं कर रहे हैं। हम स्पष्ट रूप से इस्लामवादियों के बीच अंतर करते हैं, जिनके खिलाफ हम कड़ी कार्रवाई करते हैं, और कई मुसलमान जो हमारे देश से हैं और अपने विश्वास के साथ जीते हैं।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता व विल्मोर की अभी नहीं होगी वापसी, नासा ने दिया अपडेट




**वाशिंगटन (एजेंसी)।** कई दिनों से अंतरिक्ष में फंसी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को लेकर सभी परेशान है कि वह कब वापस लौटेंगी। इसको लेकर नासा ने नया अपडेट दिया है। सुनीता सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर जुलाई में पृथ्वी पर नहीं लौटेंगे। नासा ने कहा कि उनके बोइंग कैप्सूल में आई दिक्कतों को इंजीनियर के दूर करने तक वे वहीं रहेंगी। स्टारलाइनर टीम अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए डेटा की समीक्षा कर रही है।

न्यू मैक्सिको में नासा की व्हाइट सैंड्स टेस्ट सुविधा में आरसीएस थ्रस्टर परीक्षण ने मूल कारण मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और नाममात्र अनडॉक और लैंडिंग के लिए उड़ान तर्क को अंतिम रूप देने में मदद की। मार्क नैप्पी ने कहा कि मुझे यकीन है कि हमारे पास चालक दल को वापस लाने के लिए एक अच्छा वाहन है। इस सप्ताह के अंत में 28 आरसीएस थ्रस्टर्स में से 27 को गर्म करने की योजना बनाई गई है, जबकि अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में सुरक्षित रूप से डॉक किया गया है। इस परीक्षण का उद्देश्य थ्रस्टर्स के प्रदर्शन को सत्यापित करना और अतिरिक्त हीलियम रिसाव डेटा इकट्ठा करना है, जो 6 जून को अंतरिक्ष यान के आगमन के बाद से स्थिर बना हुआ है।

बता दें 6 जून को 'कैप्सूल' के अंतरिक्ष स्टेशन के पास पहुंचने पर पांच थ्रस्टर में गड़बड़ी आ गई। तब से चार को चालू किया जा चुका है। स्पेस शटल के सेवा से हटने के बाद, नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष स्टेशन पर आवाजाही के लिए निजी कंपनियों को काम पर लगा दिया है, जिसके लिए बोइंग और स्पेसएक्स को अरबों डॉलर का भुगतान किया गया है। यह बोइंग की पहली परीक्षण उड़ान थी जिसमें चालक दल सवार था। स्पेसएक्स 2020 से मानव को अंतरिक्ष में ले जा रहा है।

## हर एक वोट के लिए जान लड़ा दूंगी, कमला हैरिस ने किया राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का आधिकारिक ऐलान



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने आधिकारिक तौर पर इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की, क्योंकि उन्होंने शुक्रवार (26 जुलाई) को फॉर्म पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की कसम खाई, साथ ही विश्वास जताया कि वह 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में जीत हासिल करेंगी। उनका मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से है, जो तीसरी बार भी मैदान में उतरे हैं। हैरिस ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने के लिए एक्स को लिखा कि आज, मैंने आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने वाले फॉर्म पर हस्ताक्षर किए। मैं हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी और नवंबर में हमारा जन-संचालित अभियान जीतेगा।

उनकी उम्मीदवारी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा साथी डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बीच दौड़ से हटने की घोषणा के बाद आई। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के रूप में हैरिस का समर्थन किया, जिन्हें व्हाइट हाउस की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा से भी समर्थन मिला। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में जो बाइडेन के दौड़ से बाहर होने के बाद सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया था। ओबामा ने कहा कि वह और अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

ओबामा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मैंने अपने मित्र कमला हैरिस को फोन किया। हमने उससे कहा कि हमें लगता है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेगी और उसे हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण में हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि वह नवंबर में जीत हासिल करें। हमें उम्मीद है कि आप हमसे जुड़ेंगे।

## पुतिन को गले लगाने पर जेलेंस्की को लगी थी मिर्ची, अब अगस्त में मोदी पहुंचने वाले हैं यूक्रेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के कीव पर 2022 में हमला करने के करीब दो साल बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार यूक्रेन की यात्रा करने वाले हैं। पीएम मोदी की यात्रा अगस्त के महीने में हो सकती है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवतः 23 अगस्त को यूक्रेन का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। ताजा घटनाक्रम पीएम मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात के एक महीने सामने आया है। मुलाकात के दौरान दोनों नेता गले मिलते नजर आए। जिस दिन पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद तीसरा कार्यकाल हासिल किया, उस दिन ज़ेलेंस्की ने उन्हें बधाई दी थी और युद्धग्रस्त देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था। इस साल मार्च में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ एक फोन कॉल में पीएम मोदी ने भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की और देश के लोगों-केंद्रित दृष्टिकोण को दोहराया और चल रहे संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करना जारी रखेगा। युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने कहा है कि इसे केवल बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जा सकता है और प्रधान मंत्री ने कहा है कि भारत किसी भी शांति प्रयासों में योगदान देने के लिए तैयार है। पीएम मोदी इस महीने की शुरुआत में दो दिवसीय यात्रा पर मॉस्को भी गए थे। राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि हिंसा का कोई समाधान युद्ध के मैदान में नहीं खोजा जा सकता है। उन्होंने कहा था कि भारत ने हमेशा क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने का आह्वान किया है। युद्ध के मैदान पर कोई समाधान नहीं है। बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को दुनिया के सबसे खूनी व्यक्ति को गले लगाते देखना एक बड़ी निराशा और शांति प्रयासों के लिए एक विनाशकारी झटका है।



# क्रांति समय

रविवार 28-जुलाई-2024

देश



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


# विकसित भारत 2047....पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने में जुटा गुजरातः पटेल

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'विकसित भारत 2047' के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में गुजरात की संपूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'अर्निंग वेल' और 'लिविंग वेल' के दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित रोडमैप के द्वारा राज्य के लोगों के जीवन स्तर को सर्वोत्तम बनाने और उनकी समृद्धि को अर्थव्यवस्था में सहभागी बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री पटेल ने इन लक्ष्यों को सुनियोजित और सुव्यवस्थित तरीके से हासिल करने के लिए के लिए थिंक टैंक के रूप में गुजरात राज्य इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (जीआरआईटी-ग्रिट) की स्थापना करने की मंशा व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि देश की आबादी में लगभग पांच फीसदी हिस्सेदारी के साथ गुजरात ने वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.3 फीसदी का योगदान दिया है। इतना ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम योगदान देने के लिए गुजरात 2047 तक 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर की इकोनॉमी बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

बैठक में मुख्यमंत्री पटेल ने पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य, नारी गौरव नीति, श्री अन्न (मिलेट), प्राकृतिक कृषि, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और अमृत सरोवर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में राज्य सरकार की मौजूदा उपलब्धियों और भविष्य के विजन के लिए किए जा रहे ठोस आयोजन-उपायों की विस्तृत भूमिका दी। सीएम पटेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत से ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इसके लिए हमें सामूहिक प्रयासों करना होगा और ऐसी नीतियां बनानी होंगी, ताकि हम दुनिया के सबसे बड़े मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए इस विजन और विकसित भारत के लिए हरित विकास (ग्रीन ग्रोथ) के विचार को गुजरात आगे बढ़ा रहा है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि जनवरी-2024 में आयोजित वाइब्रेंट समिट में गुजरात ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई है, जिसका लाभ न केवल पूरे देश को बल्कि दुनिया को भी मिलेगा। यही नहीं, देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप का भी उत्पादन भी गुजरात में होगा। गुजरात सरकार ने सेमीकंडक्टर्स, ब्लॉकचेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में आज की युवा पीढ़ी को 'मुख्यमंत्री भविष्यलक्षी कौशल्य विकास योजना' के माध्यम से अभी से ही प्रशिक्षित करने के प्रयासों पर फोकस किया है।

सीएम पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए ग्रीन ग्रोथ के विचार को मूर्त रूप देने की दिशा में गुजरात सोलर रूफटॉप स्कीम के व्यापक कार्यान्वयन और कच्छ में निर्माणाधीन दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क के माध्यम से तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में 43 लाख से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें लगभग 9 लाख किसान 7 लाख एकड़ से अधिक भूमि में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

## मैं आध्यात्म के रास्ते पर चल रहा हूं, राजनीति से कोई लेना देना नहीं : निशांत

**बिहार के सीएम नीतीश के इंजीनियर बेटे निशांत को पंसद नहीं है लाइमलाइट**

**पटना। (एजेंसी)**



बिहार सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने राजनीति में आने से इनकार कर दिया है। निशांत पटना में शॉपिंग करने निकले तो मीडिया ने उन पर कई सवाल दाग दिए पूछा कि क्या वह राजनीति में आएंगे? इस पर निशांत ने कहा कि वह आध्यात्म के रास्ते पर चल रहे हैं। राजनीति से उनका कोई लेना देना नहीं है।

निशांत ने खरीददारी करने के बाद मीडिया से कहा कि वह आध्यात्मिक दृष्णिकोण से मोबाइल की दुकान पर आए हैं। उन्होंने कहा कि वह मोबाइल पर हरे रामा-हरे कृष्णा सुनता हूं, उसमें आवाज अच्छी तरह से नहीं आती है इसलिए स्पीकर खरीदने आया हूं ताकि अच्छे से सुन सकूं। निशांत ने राजनीति में आने की संभावना पर कहा कि वह आध्यात्म के पथ पर चल रहे हैं।

निशांत पहले भी राजनीति में आने से इनकार कर चुके हैं। कुछ साल पहले भी उन्होंने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि वह कभी भी पिता की तरह राजनीति में नहीं आएंगे बल्कि अपना जीवन अध्यात्म में बिताएंगे। निशांत राजनीतिक कार्यक्रमों और आयोजनों से भी दूर रहते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी मौजूदगी नहीं है। बिहार में आठ बार सीएम पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार का छोटा परिवार है। उनके परिवार के ज्यादातर सदस्य लाइमलाइट से दूर रहते हैं। राजनीति में भी सक्रिय नहीं हैं।

वहीं लालू प्रसाद यादव परिवार से उलट नीतीश कुमार के इकलौते बेटे निशांत कुमार (48) कभी विवाद में नहीं आए और न ही वह राजनीति में सक्रिय हैं। निशांत इंजीनियर हैं। वी बीआईटी मेसरा से ग्रेजुएट हैं। नीतीश कुमार कुर्मी समाज से आते हैं और उन्होंने फरवरी 1973 में इंटरकास्ट मैरिज की थी। नीतीश की पत्नी मंजू कुमारी सिन्हा कायस्थ थीं और पटना के स्कूल में टीचर थीं। 2007 में उनका निधन हो गया है। नीतीश के भाई-बहन और परिवार भी राजनीति से दूर रहते हैं।

## लो आखिर राहुल गांधी को मिल ही गया ठिकाना

**अब सुनहरी बाग रोड, बंगला नं.-5 में रहेंगे, प्रियंका ने किया दौरा**

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली में ठिकाना मिल ही गया। उन्हें अब नया घर मिलने वाला है। राहुल गांधी को पिछले साल निचले सदन से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा था। अब हाउस कमेटी ने बंगला नंबर 5, सुनहरी बाग रोड की पेशकश की गई है। उनकी बहन प्रियंका गांधी ने सुनहरी बाग रोड स्थित बंगले का दौरा किया तो चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। पूर्व मंत्री ए. नारायण स्वामी को यह बंगला दिया गया था। उन्होंने अभी तक यह बंगला खाली नहीं किया है। संसदीय सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पूर्व कांग्रेस प्रमुख को बंगले की पेशकश की गई है और उनकी ओर से प्रतिक्रिया का इंतजार है। राहुल गांधी के सांसद बनने के बाद से उनका निवास 12, तुगलक लेन था। मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल लोकसभा से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने के बाद वह घर खाली करना पड़ा था। इसके बाद राहुल गांधी




अपनी मां सोनिया गांधी के 10, जनपथ घर में चले गए और अयोग्यता रद्द होने के बाद भी वहीं रह रहे हैं। राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के साथ, वह टाइप 8 बंगले के हकदार हैं क्योंकि उनके पास कैबिनेट मंत्री का दर्जा है।

**नीति आयोग की बैठक का तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने किया बहिष्कार**

## बजट बीजेपी का बहिष्कार करने वालो से प्रतिशोध की कार्रवाई जैसाः स्टालिन

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक बुलाई थी जिसमें सभी दलों को बुलाया गया था लेकिन तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने इस बैठक का बहिष्कार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात कही है। उन्होंने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट बीजेपी का बहिष्कार करने वाले राज्यों और लोगों के प्रति प्रतिशोध की कार्रवाई जैसा है। स्टालिन ने कहा इंडिया गठबंधन को वोट देने वालों से बदला लेने के लिए ऐसा बजट तैयार किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की बीजेपी सरकार लगातार तमिलनाडु की उपेक्षा कर रही है। पीएम मोदी आज नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर फोकस रहेगा। जबकि एमके स्टालिन के अलावा देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी बैठक का बहिष्कार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिकम तमिलनाडु समेत सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक में आने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु के अलावा बैठक में तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल और झारखंड के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हो रहे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा शर्मा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत बैठक में शामिल होने पहुंचे। बता दें कि नीति आयोग की बैठक महत्वपूर्ण है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए बातचीत होती है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होती है, जैसे कि विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, और आर्थिक विकास। बैठक में पीएम और राज्यों के सीएम शामिल होते हैं, जो देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण फैसले लेते हैं। नीति आयोग की बैठक का उद्देश्य देश को विकसित और समृद्ध बनाना है।

## शिवसेना सांसद ने मांगी वंदे भारत ट्रेन की जानकारी, रेलमंत्री बोले-16 महाराष्ट्र में दौड़ रही

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में वंदे भारत ट्रेन को लेकर जानकारी दी है रेल मंत्री के मुताबिक कुल 102 में से 16 वंदे भारत ट्रेनें महाराष्ट्र में दौड़ रही हैं। रेलमंत्री वैष्णव, शिवसेना (यूबीटी) सांसद ओमप्रकाश भूपालसिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे। रेल मंत्री ने बताया कि 19 जुलाई 2024 तक कुल 102 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नेटवर्क में मौजूद हैं। इनमें से 16 वंदे भारत ट्रेन महाराष्ट्र में चल रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि वंदे भारत ट्रेनों को चलाने में ट्रैफिक, संचालन में सुविधा और रिसोर्सेज की उपलब्धता का खास ध्यान रखा जा रहा है। भूपालसिंह ने पूछा कि चालू वित्त वर्ष में कितनी ट्रेन प्रस्तावित हैं। खासतौर पर महाराष्ट्र की टूरिस्ट डेस्टिनेशंस को अन्य राज्यों से जोड़ने वाली कितनी ट्रेनें हैं। उन्होंने देश में कुल कोच फैक्ट्री और वहां वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण की स्थिति के बारे में भी पूछा। इसके जवाब में रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे ने नवंबर 2021 में भारत गौरव ट्रेन पॉलिसी जारी की थी। इसका मकसद भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक जगहों को भारत गौरव ट्रेनों के जरिए दिखाना था। उन्होंने बताया कि यह थीम बेस्ड टूरिस्ट सर्किट ट्रेन हैं। इस पॉलिसी के तहत रेलवे रूट या सर्किट का प्रस्ताव नहीं देता है। बल्कि, सर्विस प्रोवाइडर को थीम वगैरह चुनने की पूरी आजादी है। रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत कोच



का निर्माण इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) चेन्नई तमिलनाडु, रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) कपूरथला पंजाब और मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) रायबरेली में होता है। वैष्णव ने यह भी कहा कि मराठवाड़ा कोच फैक्ट्री, लातूर में टेक्नोलॉजी पार्टनर द्वारा वंदे भारत कोच के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। आईआर कोच फैक्ट्रीज में हर साल 7500 कोच बनाने की क्षमता है। इसमें होफमैन बुश, वंदे भारत, इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू), मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) आदि हैं।

## एक्सीडेंटल कार खरीदकर बदल देते थे इंजन व चेचिस नंबर, विदेशों में करते थे सेल

**पंजाब पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा, नौ लग्जरी कारें बरामद**

**मोहाली। (एजेंसी)**


पंजाब पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय लग्जरी कार चोर गिरोह के दो सदस्यों को दबोचा है। पुलिस ने इनके पास से नौ लग्जरी कारें बरामद की हैं। इस संबंध में एसएसपी मोहाली ने मीडिया को बताया कि कार चोरी के मामले में पहले रोहतक निवासी रमेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में रमेश ने अमित का नाम बताया। अमित भी रोहतक का रहने वाला है और विदेश भाग रहा था। पुलिस की स्पेशल सेल ने अमित को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अलग-अलग राज्यों से एक्सीडेंटल कारें खरीदते थे और कागजात अपने पास रखते थे। फिर इन कारों को तोड़ देते थे। इसके बाद वह उसी मॉडल और रंग की लग्जरी कारों को चुराते थे और उनके इंजन और चेचिस नंबर बदलकर म्यांमार जैसे देशों में बेच देते थे।



पूछताछ में अमित ने बताया कि उनके गिरोह का मुख्य सरगना खितो डोमी है। डोमी नागालैंड का रहने वाला है। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पार 400 से ज्यादा चोरी की कारों की आपूर्ति कर चुका है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर कई क्षेत्रों में करीब 77 लग्जरी कारों की पहचान की है। रमेश और अमित से पुलिस ने नौ लग्जरी कारें बरामद की हैं, जिनमें पांच फॉर्च्यूनर कारें, दो इनोवा क्रिस्टा, एक क्रेटा और एक ब्रेज़ा शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक दोनों पर कई थानों में 20-20 मामले दर्ज हैं। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**संक्षिप्त समाचार**



## अनंतनाग में भीषण हादसा, खाई में गिरी कार, 8 की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के पास सिमथान-कोकेरनाग रोड पर हुए भीषण हादसे में कई लोगों की जान चली गई। सूमो वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार 05 बच्चों समेत 08 लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। वाहन चालक के नियंत्रण खो देने से कार सड़क से सीधे खाई में जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार सभी लोग किश्तवाड़ निवासी बताए गए हैं। जानकारी अनुसार, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के डक्सम क्षेत्र के करीब शनिवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। सूमो कार खाई में गिरने से उसमें सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो नाबालिग भी थे। अधिकारियों का कहना है कि जेके03एच-9017 रजिस्ट्रेशन की सूमो कार अनियंत्रित होकर डकसुम के करीब सड़क से नीचे जा गिरी। इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। कार में एक ही परिवार के 8 लोग सवार थे। यह परिवार किश्तवाड़ से आ रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी मृतक किश्तवाड़ निवासी बताए गए हैं।

## हरियाणा में पटरी पर लौटी स्वास्थ्य व्यवस्था...... हड़ताल खत्म

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा की स्वास्थ्य व्यवस्था जल्द ही पटरी पर लौटने वाली है। हरियाणा में डॉक्टरों ने बीते कई दिनों से चल रही हड़ताल को वापस ले लिया है। सरकारी डॉक्टरों के प्रमुख संगठन ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की है। संगठन के अनुसार राज्य सरकार द्वारा 15 अगस्त तक उनकी मांगें पूरी करने के आश्वासन के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है। संगठन के महासचिव डॉ. अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उनके प्रस्तावों को स्वीकार कर 15 अगस्त से पहले उन्हें अधिसूचित करने का आश्वासन दिया है। डॉ.यादव ने बताया कि हड़ताल समाप्त कर सभी डॉक्टरों को सुबह से काम पर आने को कहा गया है। गुरुवार और शुक्रवार को करीब 3,000 सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर रहे, जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित हुईं और ओपीडी के बाहर लंबी कतारें लग गईं। गुरुवार को मरीजों ने बताया कि उनका इलाज इंटर्न और रिटायर्ड डॉक्टर कर रहे हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सरकार ने डॉक्टरों के संगठन को चंडीगढ़ में बातचीत के लिए आमंत्रित किया था।

## (अहमदाबाद) भारतीय रेल की जनरल और स्लीपर क्लास सहित 10,000 नॉन-एसी कोच के निर्माण की योजना

**2019-20 से 2023-24 के दौरान भारतीय रेलवे के बेड़े में 6511 नए जनरल कोच जोड़े गए**

**अहमदाबाद .** भारतीय रेल द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त अमृत भारत सेवाएं शुरू की गई हैं जो झटकों से मुक्त यात्रा के लिए सेमी-परमानेंट कपलर, हॉरिज़ोंटल रूप से स्लाइड होती खिड़कियों, फोल्डेबल भोजन टेबल और बोतल होल्डर, मोबाइल होल्डर जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस हैं। वर्तमान में भारतीय रेल के नेटवर्क में 4 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं-यानी 15557/58 दरभंगा-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस और 13433/13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, अमृत भारत सेवाओं सहित ट्रेन सेवाओं का आरंभ भारतीय रेल में एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है जो यात्रियों की संख्या, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता के अधीन है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संरचना के बारे में मौजूदा नीति में 22 कोचों की एक ट्रेन में 12 सामान्य और स्लीपर श्रेणी के गैर-एसी कोच और 08 एसी-कोच प्रदान हैं, जिससे सामान्य और गैर-एसी स्लीपर कोच का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान होती है। वर्तमान में ट्रेन सेवाओं को चलाने के लिए उपयोग किए जा रहे कुल कोचों में से दो-तिहाई गैर-एसी हैं, और एक-तिहाई एसी वेरिएंट हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने सामान्य श्रेणी और स्लीपर श्रेणी के कोचों सहित 10,000 गैर-एसी कोच बनाने की योजना बनाई है। ये उत्पन्न परिवहन क्षमता विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है जिसमें मार्ग, सेवा की आवृत्ति आदि शामिल हैं। ये जानकारी रेल, सूचना, प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।



# बेंगलुरु में गला रेतकर हत्या करने का आरोपी मप्र से गिरफ्तार

**-छोड़कर चली गई गर्लफ्रेंड तो कर दी थी सहेली की हत्या**

**भोपाल। (एजेंसी)**

बेंगलुरु के कोरमंगला में बिहार की महिला की गला रेतकर बेरहमी से हत्या करने वाला आरोपी शनिवार को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जांच के लिए बेंगलुरु ले लाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु पुलिस आयुक्त से खबर आई है कि उक्त घटना का एक सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को सामने आया जिसमें हमलावर ने 23 जुलाई की रात को 24 वर्षीय कृति कुमारी की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक बताया कि पीड़िता दूसरी लड़की के साथ रह रही थी। कुछ दिन पहले कृति कुमारी की रूममेट बाहर चली गई। आशंका है कि वह अपने प्रेमी के साथ रहने गई थी। 23 जुलाई को वह लड़की कृति कुमारी के साथ रहने के लिए वापस लौट आई। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी को संदेह था कि कृति ने ही उसकी गर्लफ्रेंड को बहकाया है, जिससे वह उसे छोड़कर चली गई। इसी बात से नाराज होकर उसने कृति की हत्या कर दी। पुलिस द्वारा साझा किए सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि आरोपी पॉलिथीन बैग लेकर वहां पहुंचा और उसने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलने के बाद वह अंदर गया और कृति को खींचते हुए बाहर ले आया। फिर उसने चाकू से उसके गले पर ताबड़तोड़ वार कर किए जिससे कृति की मौत हो गई। कृति ने हमले का विरोध किया, लेकिन आरोपी ने उसे अपने कब्जे में ले लिया और हत्या करने के बाद भाग गया। कृति की आवाज सुनकर पेइंग गेस्ट में रहने वाली अन्य लड़कियां वहां आईं, लेकिन उसे बचा नहीं सकीं। 24 साल की कृति कुमारी बिहार की रहने वाली थीं। वह शहर की एक निजी कंपनी में काम करती थी। पुलिस ने बताया कि आखिरी बार कृति किससे मिली थी, इसका पता लगाया जा रहा है। साथ ही हत्या से जुड़ी घटनाओं का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। पुलिस ने कहा कि सामान ले जाते दिख रहे आरोपी को पीजी के सुरक्षा गार्डों ने प्रवेश की अनुमति तब दी जब कृति ने दावा किया कि वह उसका भाई है और वह जल्द ही चला जाएगा।

## कंगना रनौत ने पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में किए गए प्रदर्शन की तीखी आलोचना की

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में किए गए प्रदर्शन की तीखी आलोचना की। उन्होंने समारोह में हुए कला प्रदर्शन को अत्यधिक कामुक और ईशनिंदा वाला कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि यह वामपंथियों द्वारा ओलंपिक को हाईजैक किए जाने का नतीजा है। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की जिसमें उन्होंने ओलंपिक के उदघाटन समारोह में हुए प्रदर्शनों की तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा- पेरिस ओलंपिक द लास्ट सपर के अति कामुक, अपमानजनक रूपांतरण में एक बच्चे को शामिल करने के लिए निंदा का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि, प्रदर्शन के दौरान एक बच्चा ड्रैग क्वीन के साथ दिखाई दे रहा था। उन्होंने नग्न शरीर पर नीले रंग में यीशु को दिखाया और ईसाई धर्म का मजाक उड़ाया। वामपंथियों ने ओलंपिक 2024 को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है। यह शर्म की बात है।

कंगना रनौत ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि, फ्रांस ने इस तरीके से ओलंपिक 2024 में दुनिया का स्वागत किया। वह क्या संदेश देना चाह रहा है? शैतान की दुनिया में आपका स्वागत है? क्या उनका यही इरादा है?

अभिनेत्री और बीजेपी की नेता कंगना रनौत ने ओलंपिक उद्घाटन समारोह की तस्वीरों का एक कोलाज भी शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा कि, ओलंपिक का उद्घाटन समारोह समलैंगिकता को प्रोत्साहित करने के लिए था। मैं समलैंगिकता के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन मुझे समझ में नहीं आता कि ओलंपिक का किसी भी तरह के यौन व्यवहार से क्या संबंध है। मानव की उत्कृष्टता का उत्सव मनाने वाले इस वैश्विक आयोजन पर सेक्स की चर्चा की छाया क्यों है? सेक्स को निजता तक सीमित क्यों नहीं रहने दिया जाता? इसे राष्ट्रीय पहचान देने की क्या जरूरत है? यह अजीब है।

रनौत की टिप्पणियों पर कई प्रतिक्रियाओं में भी कहा गया है कि इस प्रदर्शन से लगता है कि यह ईसाइयों का अपमान था।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के तहत केएम में वितरित हुए टेबलेट एवं स्मार्ट फोन

## गुरूओं को आदर्श मानकर तकनीकी रूप से समृद्ध होने आवश्यकताः किशन चौधरी

**तकनीकी रूप से समृद्ध हो करें देश का विकासः सीडीओ**

**टैबलेट का तकनीक व आधुनिक शिक्षा के लिए करें सदुपयोगः रजिस्ट्रार**





**मथुरा।** छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए आज स्वामी विवेकानंद युवा तकनिकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत केएम विश्वविद्यालय में आईटीआई, नर्सिंग एवं फामेर्सी के विद्यार्थियों को टेबलेट स्मार्ट फोन वितरण किए गए। केएम विश्वविद्यालय के लैक्चर थियरेटर में टैबलेट वितरण कार्यक्रम में आईटीआई फामेर्सी नर्सिंग के 125 छात्रों को टैबलेट जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, तहसीलदार रवेन्द्र कुमार, केएम के वाइस चासंलर डा. डीडी गुप्ता, रजिस्टार पूरन सिंह, राजकीय आईटीआई नंदगांव के प्राचार्य ध्रुव मग्गू ने छात्रों को वितरण किए। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा सरकार की मंशा है कि छात्र-छात्राओं को टेबलेट के जरिए अपनी शिक्षा को आगे कामयाब करने के लिए कोई दिक्कत न हो, इसलिए छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए मुख्यमंत्रीजी अपनी घोषणा के आधार पर पूरे प्रदेश में वितरण करवा रहे हैं। सरकार द्वारा दिए गए टेबलेट का सदुपयोग करें फेसबुक, इंट्राग्राम, आदि से दुरापयोग न करें। अच्छी शिक्षा के साथ दीक्षा और संस्कार भी जरूरी है। आप गुरूओं को आदर्श मानते हुए तकनीकी रूप से समृद्ध होकर देश के विकास में सहायक हों, उन्होंने कहा कि विज्ञान व तकनीकी में आप जैसे दक्ष युवा ही भारत के भविष्य का नव निर्माण करेंगे। मुख्य अतिथि किशन चौधरी ने 125 छात्रों को टैबलेट का वितरण किया। सबसे पहले शिवानी को टेबलेट देकर शिक्षा क्षेत्र में उन्नत मुकाम पाने का आशीर्वाद दिया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कहा कि हम किस प्रकार तकनीकी रूप से समृद्ध हो सकते हैं तथा अपने देश के विकास के लिए किस प्रकार सहायक बनें। तहसीलदार ने कहा कि विज्ञान व तकनीकी में दक्ष युवा ही भारत का नव निर्माण करेंगे। इसलिए इसका उपयोग उन्नत शिक्षा के लिए आप करें। रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने कहा कि सभी छात्र टैबलेट का तकनीक व आधुनिक शिक्षा के लिए सदुपयोग करें। टेबलेट पाने वाले छात्रों में अजय, अजीत, अखिलेश, अंकित, अन्नू, भूपेन्द्र रजीत, दीपक गणनेश, जितेन्द्र के अलावा सैकड़ों छात्र कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस अवसर पर केएम विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, रजिस्ट्रार पूरन सिंह तथा के एम यूनिवर्सिटी के सभी विभागों प्रोफेसर्स व श्रीमती संजूबाला, मुकेश कुमार, जगवीर सिंह, करन सिंह, राजेश कुमार, सत्यविरी, देवेन्द्र सिंह, डॉ सुनील सिंह, चंद्रेश सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, सुमित शर्मा, बेदवीर सिंह, अनिल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### रतनलाल राधारमन चैरिटेबल व एमआरसी वृंदा चैरिटेबल ने किया वृक्षारोपण

**मथुरा।** वृंदावन में सामाजिक संस्था रतनलाल राधा रमन चैरिटेबल ट्रस्ट और एमआरसी वृंदा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी रामबाबू शर्मा की पुण्य स्मृति में परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में मिशन प्राण वायु के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरणविद देवेंद्र शर्मा ने कहा कि आज देश में वातावरण में तेजी से बढ़ता हुआ तापक्रम प्रकृति में रह रहे सभी जीवधारियों के लिए खतरे का संकेत दे रहा हैह्न ग्लेशियर पिघल रहे हैं, वन के क्षेत्रफल कम हो रहे हैं।विकास के नाम पर पर्यावरण के मानकों को अनदेखा किया जा रहा है। जल चक्र और वायु चक्रप्रदूषित हो गए हैं तथा खाद्य श्रृंखला में असंतुलन पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में एक सबसे प्रमुख समाधान जो हो सकता है वह है पृथ्वी को अधिक से अधिक वनीकरण करके उपहार देना है। एम. आर सी वृंदा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर अभिषेक शर्मा ने कहा कि इस मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगा करके पृथ्वी का श्रृंगार करें। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने वन संस्कृति को अपने जीवन में चरितार्थ कियाह्न वृंदावन, वेलवन, तालवन, बहुल वन,काम वन इस प्रकार ब्रज में 12 वन व 24 उपवन बनाए। देवेंद्र गौतम ने कहा कि वृंदावन का वन क्षेत्र हरित,सुर भित एवं सुरक्षित होना चाहिए । इस अवसर पर हेमंत गुप्ता, जितेंद्र सिसोदिया, आकाश गोस्वामी, कौशल किशोर भट्ट, संजीव पाराशर नंदकिशोर, सुरेश,एवं अनेक विद्यार्थियों ने फल एवं छायादार वृक्ष बेलपत्र नींबू, जामुन, अशोक, अमरूद, नीम, पीपल, कंजी , आदि के दर्जनों पौधे लगाए संयोजन अरुण मिश्रा ने तथा आभार प्रदर्शन विजय पाराशर ने किया।

### छात्राओं को भूकंप और हवाई हमलों से बचाव का दिया प्रशिक्षण





**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा के उप नियंत्रक जसवंत सिंह सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा मथुरा की वार्डन पोस्ट संख्या एक के पोस्ट वार्डन अशोक यादव के द्वारा 25 जुलाई आर 26 जुलाई 2024 को दो दिवसीय प्रशिक्षण रामवती नरेश इन्टर कॉलेज औरंगाबाद मथुरा में छात्र,छात्राओं को भूकंप से बचाव और हवाई हमलों से बचाव के बारे मे विस्तार से जानकारी दी । एक दिवसीय प्रशिक्षण में हवाई हमले में खतरे के होने पर बजने वाले सायरन की भी जानकारी दी गई। साथ ही आग के प्रकार, और उनसे बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अध्यापकों के अतिरिक्त, उप नियंत्रक जसवंत सिंह,सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह, डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल,सीनियर स्टाफ ऑफीसर टू चीफ वार्डन दीपक चतुर्वेदी बैंकर, पोस्ट वार्डन अशोक यादव, शुभम कुमार, राजेश कुमार, राम सैनी, नरेश अग्रवाल, राहुल कुमार, विजेन्द्र, रोहित, ऋषभ प्रताप, मुकेश शर्मा, आदि वार्डन और फायर फाइटर उपस्थित रहे।

### यूपी परिवहन निगम से बसों की खरीद की अनुमति मिली

**मथुरा।** 120 इलेक्ट्रिक बस,1000 डीजल बसें खरीदने की अनुमति,1000 डीजल बसों को कुंभ मेले में प्रयोग किया जाएगा,प्रयागराज वाराणसी,कानपुर, लखनऊ अयोध्या,गोरखपुर क्षेत्र शामिल होंगे,परिवहन निगम एमडी मासूम अली सरवर ने दी जानकारी,120 इलेक्ट्रिक बसों को धार्मिक शहरों में दिया जाएगा.

# शिवसेना ने धूमधाम से मनाया उद्धव ठाकरे का जन्मदिवस

**मथुरा।** शिवसेना पक्ष प्रमुख व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का 63वां जन्मदिवस शिवसेना के कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान जरूरतमंद बच्चों के साथ केट काटा व गीत गाए। शनिवार को वृंदावन स्थित सूरज घाट शिव सेना कार्यालये में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद स्कूल के बच्चों को बुलाया गया। जहां उनके साथ केक काटकर उद्धव ठाकरे की दीघार्यु की कामना की। बच्चों ने गीत भी गाए। कार्यकताओं ने उन्हें खाद्य सामग्री वितरित की। वही जिला अध्यक्ष चंद हास भारद्वाज ने तरुण पालीवाल को महानगर का दायित्व सौंपा। वहीं उन्होंने कहा शिव सैनिकों के लिए आज बड़ा दिन आज सभी शिव सैनिकों के लिए बड़ा दिन है, क्योंकि आज हमारे पक्ष प्रमुख उद्धव साहिब का जन्मदिन है। महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश मे शिव सैनिक उनकी प्रेरणा से सामाजिक व जनहित कार्य के लिए तत्पर रहते हैं।

# उपज पत्रकार संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

**पत्रकार पर हुई घटना निंदनीय , दोषी के खिलाफ हो कानूनी कार्यवाही झ जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल**





**मथुरा।** वृंदावन गुरूवार को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की स्थापना दिवस जिज्ञासा कोचिंग संस्थान वृंदावन में मनाया गया । बैठक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल व जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान के नेतृत्व में आयोजित की गई । बैठक में सैकड़ो पत्रकार की उपस्थित रहे। बैठक में पत्रकार सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किए गए । वही राया की घटना कवरेज के दौरान एक पत्रकार के साथ हुई दरोगा द्वारा अभद्रता व मारपीट पर भी चर्चा हुई । वही उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने कहा राया में पत्रकार के साथ हुई घटना बहुत ही निंदनीय है। पत्रकार के साथ हुई घटना बर्दास्त नही की जायेगी । जिलाधकारी को मुख्य मंत्री के नाम शिकायती पत्र दिया जायेगा । और दरोगा पर कार्रवाई नहीं होने तक पत्रकारों का संघर्ष जारी रहेगा। वही पत्रकारों को भी दिशा निर्देश दिए । कहा राष्ट्र हित में सकारात्मक पत्रकारिता करें उपज पत्रकार संगठन सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून मांग करता है । स्थापना दिवस पर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई । बैठक में जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान, जिला संगठन मंत्री राज कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह छौंकर, जिला उपाध्यक्ष चेतन राघव,जिला उपाध्यक्ष धीरज पचौरी,वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंघल, वरिष्ठ पत्रकार साहूकार शर्मा,अनुज उपमन्यु,रवि कुमार पांडे,मोइनुद्दीन,प्रिंस सोनी गुलाब सिंह फैजल कुरैशी रियान कुरैशी आशिद अली प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिना मान्यता के फरह में चल रहें है कई दर्जन स्कूल

## अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूल रहे हैं मोटी रकम

**मथुरा।** जनपद मथुरा में बिना मान्यता के दर्जनों स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें जिले के प्रमुख कस्बों में ऐसे स्कूलों की बाढ़ आ रही है। मान्यता नहीं होने के बाद भी इनके संचालक मनमानी फीस भी बच्चों के अभिभावकों से वसूल रहे हैं। शिकायत करने पर इनके संचालकों की सांठगांठ शिक्षा विभाग के अधिकारियों से हो जाती है। यदि किसी छात्र-छात्रा को टीसी की जरूरत होती है तो इनके संचालक दूसरे किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से टीसी दिलवा देते हैं। इसका उदाहरण फरह क्षेत्र में खुले आम देखा जा सकता है। ब्लॉक फरह में कस्बा व उसके ग्रामीण क्षेत्रों में सौ गज के प्लॉट में पांच तक मान्यता प्राप्त स्कूल, दस तक की बिना मान्यता के क्लास चला रहे हैं। ऐसे विद्यालयों की संख्या सबसे अधिक है। इस शिक्षा सत्र में गाँव व शहर में विद्यालय खोलने की होड़ लग रही है। स्कूल खोल कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ लगातार कर रहे हैं। इनके पास ना तो योग्य शिक्षक हैं। इन विद्यालयों में दस से बारह तक पढ़े बेरोजगार युवक-युवतियों को दो हजार रुपये प्रतिमाह देकर शिक्षक के रूप में कार्य करा रहे हैं। जबकि एडमीशन के नाम पर मोटी रकम प्रति छात्र ली जा रही है।

इतना ही नहीं कुछ तो कोचिंग का रजिस्ट्रेशन करा विद्यालय चला रहे है। हर बार शिक्षा विभाग के द्वारा बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने का अभियान भी चलाया जाता है। लेकिन उसका भी असर ऐसे विद्यालयों पर नहीं पड़ता है। एक ओर जहां बीएसए द्वारा सरकारी प्राइमरी व जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। लेकिन ऐसे अवैध स्कूल उनकी नजर से दूर हैं। इसका असर सरकारी मान्यताप्राप्त प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूलों पर पड़ रहा है। क्योंकि जब फर्जी विद्यालयों की चमक दमक देखकर हर अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश करा देता है। जबकि सरकारी स्कूलों में योग्य अध्यापक होते हुए थी हर वर्ग क बच्चे प्रवेश लेने क लिए नहीं पहुंच रहे हैं। बतादें कि फरह ब्लॉक में परखम, पींगरी, झुड़ावई, बेरी, ओल, फरह, भाहई, सेरसा, ओल सहित आसपास के गाँवों मे कई दर्जन विद्यालय शिक्षा विभाग की मिली भगत से बिना मान्यता के नियमों को ताक पर रख चल रहे हैं। इनमें ना तो एनसीआरसी की किताबें नहीं पढाई जा रही है।

बल्कि कमीशन के चक्कर में इनके संचालक प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस की किताबें खरीदने पर जोर दिया जा रहा है। जिससे अभिभावकों की जेब पर बड़ा बोझ पड़ रहा है। एक दो की क्लास मे पढ़ने वाले बच्चे की किताब दो से तीन हजार में आ रही हैं और वो किताब स्कूल संचालक द्वारा बताइ दूकान पर ही मिलती है।

इस संबंध में बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि बिना मान्यता वाले स्कूलों के विरूद्ध जांच टीमें बनाकर वे कार्रवाई कराएंगे। दोषियों को किसी भी कीमत में नहीं बक्शा जाएगा।

**मथुरा न्यायालय परिसर में लगेगी लिफ्ट**

# अधिवक्ता की मांग पर बजट की डिमांड संस्तुति शासन से की

**मथुरा।** बुजुर्ग एवं दिव्यांग अधिवक्ताओं की सुविधा और मुकदमों से पैरवी सुविधाजनक बनाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर उप समिति के अध्यक्ष रामकिशोर पांडेय ने जिला सत्र न्यायालय परिसर में द्वितीय मंजिल के कक्षों में विभिन्न अपर सत्र न्यायालय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेटों के न्यायालय एवं कार्यलय हैं। इनमें लिफ्ट लगाने के लिए 139. 55 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर उच्च न्यायालय के माध्यम से शासन को भेजा गया है। जिला सत्र न्यायालय परिसर में तीन भवन है जिनमें अदालतें लगती है और उनके आफिस बने हुए हैं। अभी तक सीढियों की व्यवस्था है ,जिस कारण बुजुर्ग एवं दिव्यांग अधिवक्ताओं को मुकदमों की पैरवी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा था । अधिवक्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इस संबंध में अपनी पीढ़ा को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायधीश को लिखा और उनकी इस पीड़ा का संज्ञान लेते हुए जनपद न्यायधीश ने न्यायालय परिसर में लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव उच्च न्यायालय को संस्तुति सहित भेज दिया। जिस पर कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय इलाइबाद द्वारा लगभग 133.55 लाख रुपये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासन को भेज दी है। इंफ्रास्ट्रक्चर उप समिति के अध्यक्ष राम किशोर पांडे ने उक्त जानकारी देते हुए अधिवक्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह को पत्र के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि धनराशि मिलते ही लिफ्ट लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन के नाम से प्रख्यात डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि (वरसी) पर भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ मे, कार्यकताओं के साथ पुष्प अर्पित कर खिराजे अकीदत पेश करते हुये अल्पसंख्यक मौर्चा के प्रदेश महामंत्री जहीर अब्बास जैदी



# कोई एसडीएम व तहसीलदार नहीं छोड़ेगा अपनी तहसीलः डीएम

**दिन हो या रात्रि में तहसील हेडक्वाटर पर करेंगे निवास**

**मथुरा।** शासन के निदेर्शों का पालन करते हुए जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने जिले की सभी तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदारों को तहसीलों में ही विश्राम करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि कोई भी एसडीएम व तहसीलदार तहसील मुख्यालय रात्रि में नहीं छोडेगा। वहीं अपना निवास बनायें। जनता की समस्याओं को हल करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तहसीलों में एसडीएम व तहसीलदारों के ना रूकने से लोगों की राजस्व व किसानों से संबंधित समस्याएं हल नहीं हो पा रहीं थी। जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा था। मुख्यमंत्री ने इस समस्याको गंभीर मानते हुए सभी डीएम व कमिश्नरों को निर्देश दिए कि कोई भी एसडीएम व तहसीलदार तहसील मुख्यालय बिना अनुमति नहीं छोड़ेंगे। रात्रि में सभी अधिकारी तहसील पर ही रहेंगे। ताकि तुरंत शिकायत मिलने पर लोगों की समस्याएं हल हो सकें। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के आदेश का जनपद में अक्षरसह पालन कराया जाएगा। उन्होंने आज सभी एसडीएम और तहसीलदारों से कहा कि वे तहसीलों में ही निवास करें और लोगों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करें। ना ही कोई एसडीएम दिन में और ना ही रात्रि में तहसील छोडेगा। किसी तहसील की समस्याओं के हल ना होने की आई तो ऐसे एसडीएम व तहसीलदारों के विरूद्ध शासन को लिखा जाएगा।

# आगरा में थाने से पिस्टल गायब, दो निलंबितःसिपाही और चौकी प्रभारी पर गिरी गाज, सिपाही चल रहा लापता



**आगरा।** आगरा के बाह थाना से गायब सरकारी पिस्टल का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर शुक्रवार रात चौकी इंचार्ज बटेश्वर राजबाबू यादव और सिपाही अमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। सिपाही अमित कुमार लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। दो दिन पहले थाना बाह के मालखाने से बटेश्वर चौकी प्रभारी राजा बाबू की सरकारी पिस्टल गायब हो गई थी। नए हेड मोहर्रिर के चार्ज लेने पर ये बात सामने आई। चौकी प्रभारी लोक सभा चुनाव के बाद पिस्टल थाने में जमा कराने का दावा कर रहे हैं। एसीपी बाह ने जांच के आदेश दिए थे। 22 जून से नहीं आया सिपाही पिस्टल गायब होने के मामले में आरोपी सिपाही अमित कुमार 22 जून से एबसेंट है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चौकी प्रभारी बटेश्वर ने पिस्टल और 10 कारतूस बाह थाने में जमा कराए। नौ मई को जीडी में तस्करा पड़ा है। इसमें बटेश्वर चौकी पर तैनात सिपाही अमित कुमार को पिस्टल देने की बात है। चुनाव ड्यूटी पर गया था सिपाही सिपाही अमित कुमार लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवें, छठवें व सातवें चरण के मतदान कराने रायबरेली, हरदोई और आजमगढ़ ड्यूटी पर गया था। 28 मई को सिपाही अमित कुमार वापस लौटा। सिपाही को बाह थाने से पिस्टल और 10 कारतूस चौकी प्रभारी राजबाबू यादव को देने के लिए दिए गए। इसका भी तस्करा भी थाने की जीडी में है। लेकिन चौकी इंचार्ज का कहना है कि सिपाही ने पिस्टल उन्हें नहीं दी। वो खुद ही पिस्टल लगाकर घूमता था। 10 जून तक पिस्टल उसके पास देखी गई है। क्या होता है तस्करा तस्करा का मतलब किसी घटना या दुर्घटना के समय मौका-ए-वारदात से जुटाई गई जानकारी को पुलिस थाने के रोजनामचे यानी जनरल डायरी में उतारना ही तस्करा करना कहलाता है।

# बदमाश स्कूटी और 60 हजार रुपए लेकर मौके से फरार, तलाश में जुटी पुलिस



**आगरा।** ताजनगरी आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के आगरा-ग्वालियर हाईवे पर नागला मकरोल पर करीब 9:30 बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी की एक्टिवा को लूट लिया। जिसमें करीब 60 हजार रुपए रखे थे। बदमाशों ने लूट के साथ मारपीट भी की है। मिली जानकारी के अनुसार, गुंजन गुप्ता अपने पुत्र उत्सव गुप्ता थाना छत्ता के बारा वाली गली बेलंगगंज के रहने वाले हैं। ये शुक्रवार की शाम लगभग 9:30 बजे इटोरा चौराहे पर किराना स्टोर की दुकान को बंद करके घर जा रहा था। गुंजन ने बताया है कि वह थोक व्यापारी हैं। दुकान बंद कर लगभग 60 हजार रुपए की नगदी और जरूरी सामान लेकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह आगे के मकान पर पहुंचे तो वहां उन्हें दो लोग खड़े दिखाई दिए। जिन्होंने उन्हें रोकने के लिए झपट्टा मारा। जिसके चलते गाड़ी असंतुलित हो गई और कीचड़ में गिर गई। गुंजन गुप्ता ने बताया है कि दोनों ही बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दे दी। दोनों के शोर मचाने पर बदमाश व्यापारी की स्कूटी, जिसमें नगदी रखी थी, उसे लेकर मौके से फरार हो गए। व्यापारी ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी तो मौके पर पीआरबी पहुंची। साथ थाना मलपुरा के ककुआ पुलिस चौकी की फोर्स भी मौके पर पहुंची। पीड़ित व्यापारी द्वारा तहरीर दी गई है। साथ ही साथ पुलिस द्वारा बदमाशों की तलाश की जा रही है।